


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 215/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 20 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## 15 करोड़ के गबन की आरोपी जेल अधीक्षक को हार्ट अटैक !

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के 100 कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से 15 करोड़ रुपए की राशि गबन के मामले में शनिवार को पुलिस ने जेल अधीक्षक उषा राज को हिरासत में लिया गया था। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उन्हें रविवार को दोबारा थाने पर आने की हिदायत देकर छोड़ दिया था। रविवार को जेल




अधीक्षक की बेटी ने पुलिस को बताया कि उनकी मां को हार्ट अटैक आ गया है, वे इंदौर के अस्पताल में भर्ती हैं।

केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के करीब सौ कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से जेल के सहायक लेखा अधिकारी रिपुदमनसिंह व शैलेंद्रसिंह सिकरवार ने 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाल ली है। आरोपियों ने जेल अधीक्षक की आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर इस गबन को अंजाम दिया। पुलिस ने जेल अधीक्षक उषा राज को बयान दर्ज करने के लिए शनिवार को कार्यालय से हिरासत में लिया था।

शनिवार देर शाम तक जेल अधीक्षक उषा राज से पूछताछ की गई। इसके बाद रविवार को वापस आने की हिदायत देकर छोड़ दिया था। रविवार को वे दोबारा थाने नहीं पहुंचीं। इस पर भैरवगढ़ थाने के टीआई प्रवीण पाठक ने बताया कि जेल अधीक्षक को बुलाने के लिए फोन लगाया गया तो उनकी बेटी ने फोन उठाया। उसका कहना था कि मां की तबीयत खराब हो गई है। हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें इंदौर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**दोनों फरार आरोपियों की तलाश-** गबन कांड के मुख्य आरोपी रिपुदमन व शैलेंद्रसिंह की तलाश की जा रही है। दोनों आरोपियों के रिश्तेदारों के यहां भी पुलिस छानबीन करने जाएगी। हालांकि, अभी तक आरोपियों का पता नहीं चला हैं।

**सटोरियों के खाते में पैसा गया-** जेल कर्मचारियों के खाते से गायब हुए रुपयों की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, कुछ जेल कर्मचारियों के खाते से रुपये संदिग्ध लोगों के खाते में गए हैं। इनमें से कुछ लोग ऐसे हैं, जिन पर जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज है। ललित, सुशील, गोपाल आदि सटोरियों के खाते में ये रुपए गए हैं। जांच अधिकारी इस बिंदु पर भी जांच कर रहे हैं।


OUR PREDICTION CAME TRUE

WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

IAS Sridhar Nadmitla selected as CMD NMDC on March 18

(WE SAID THIS ON MARCH 11, 2023)
**Sridhar Nadmitla in race for CMD, NMDC**
Sridhar Nadmitla, CMD, The Singareni Collerices Co Ltd (IAS), is in the race for the post of Chairman-cum-Managing Director, NMDC Limited.

(WE SAID THIS ON MARCH 17, 2023)
**One IAS officer also strong contender for CMD NMDC**
One IAS officer posted in Hyderabad is also said to be a strong contender for the post of CMD NMDC. The interviews are scheduled for March 18.






## राहुल द्रविड़ का अद्भुत भाषण

क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को बैंगलोर विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया, राहुल द्रविड़ ने इसे वापस कर दिया। न केवल वापस दिया, बल्कि एक अद्भुत भाषण भी दिया, उन्होंने कहा - मेरी पत्नी एक डॉक्टर है, उसने इस उपाधि को पाने के लिए अनगिनत दिन बिताए हैं। मेरी मां आर्किटेक्चर की प्रोफेसर हैं, उन्होंने इस डिग्री के लिए पचास साल लंबा इंतजार किया, उन्होंने मेहनत की। मैंने क्रिकेट खेलने के लिए बहुत मेहनत की, लेकिन मैंने उतनी पढ़ाई नहीं की, तो मेरे पास यह डिग्री कैसे हो सकती है ? मनुष्य सबके घर जन्म लेता है, लेकिन इंसानियत हर किसी के घर में पैदा नहीं होती।

**(मनुष्य का धर्म)**

## महू घटना में नया मोड़ः करेंट से हुई युवती की मौत, दो साल से लिव-इन-रिलेशनशिप में थी

**इंदौर।** जिले के महू घटना में नया मोड़ आ गया है। महू के डूंगर गांव में जिस युवती की रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया जा रहा है वह बेबुनियाद है। युवती की मौत करंट लगने से हुई है। मौत के मामले में परिजनों ने डोंगरगांव चौकी पर जमकर बवाल किया था। मृतक युवती के परिजनों का आरोप था कि युवती के साथ रहने वाले युवक में उसके साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी। चौकी के अंदर बैठे आरोपी युवक को सौंपने की बात कर रही थी और पुलिस लगातार परिजनों को समझाइश दे रही थी। इसी बीच बेकाबू हुई भीड़ ने पुलिस पर जमकर पथराव कर दिया। पथराव के दौरान पुलिस ने बचाव के लिए 25 राउंड हवाई फायर किए थे। पूरे बवाल में 20 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिसमें डोंगरगांव चौकी के थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर भी गंभीर घायल और उनकी आंख में गंभीर चोट आई है।

दरअसल जांच कर रही पुलिस का मानना है युवक और युवती डूंगर गांव के पास लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे युवक के साथ उसकी मां रहती थी। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि जब युवती को करंट लगा वह खेत पर काम करने गया था। पिछले 2 साल से दोनों साथ रह रहे थे और दोनों ने एक मंदिर में शादी कर ली थी। हालांकि शादी का कोई प्रमाण फिलहाल पुलिस को नहीं मिला है लेकिन युवक का कहना है उसके मोबाइल में शादी के फोटो मौजूद है। पुलिस अब शादी के फोटो और शादी कराने वाले पंडित से भी पूछताछ करेगी।

**भेरूलाल के घर पहुंचे बीजेपी कांग्रेस ने लगाए एक दूसरे पर आरोप-** पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने पूरे मामले को लेकर एक जांच दल का गठन किया जिसमें कांतिलाल भूरिया पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन सहित आदिवासी नेता शामिल हैं। भेरूलाल के घर पहुंचे कांग्रेस जांच दल ने ग्रामीणों



से बात करते हुए बताया कि सरकार ने आदिवासी की कीमत 10 लाख रुपए लगाई है। आदिवासी पर लगातार बीजेपी के शासनकाल में अत्याचार बढ़े हैं। 15 महीने की कांग्रेस सरकार में जो काम कांग्रेस ने किया था उसमें आदिवासी काफी खुश थे। मौके पर पहुंचे कांतिलाल भूरिया ने मृतक के पिता की पीसीसी चीफ कमलनाथ से भी वीडियो कॉल पर बात करवाई। कमलनाथ ने कहा हमारी सरकार 6 महीने में आ रही है। हम आप लोगों का पूरा ध्यान रखेंगे।

## पूर्व मंत्री ने लिया केस वापस

भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2009 बैच की कर्नाटक कैडर के अधिकारी रोहिणी सिंधुरी इन दिनों काफी चर्चा में है। अभी उनका आईपीएस अधिकारी डी रूपा के साथ विवाद थमा भी नहीं था कि अब एक और मामला सामने आया है जिसमें कर्नाटक के पूर्व मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के विधायक सा रा महेश ने आईएएस अधिकारी रोहिणी सिंधुरी के खिलाफ दायर मानहानि का मुकदमा वापस ले लिया। सिंधुरी ने मैसूर के डिप्टी कमिश्नर के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान जमीन हड़पने और अतिक्रमण का आरोप लगने के बाद महेश ने सितंबर 2022 में मामला दर्ज करवाया था।



शनिवार को महेश ने याचिका वापस ले ली, जिसके बाद मैसूरु शहर की एक कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। विधायक ने कहा कि उन्होंने मुकदमा वापस ले लिया, क्योंकि सिंधुरी ने उनसे माफी मांगी थी। दोनों के बीच तनातनी के बाद विधायक ने आईएएस अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी।इसी साल फरवरी में आईएएस अधिकारी पी मणिवन्नन द्वारा मध्यस्थता किए गए समझौते की तस्वीरें सामने आईं थीं, जिसके बाद आईपीएस अधिकारी डी रूपा ने सिंधुरी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। विवाद के बाद सिंधुरी और रूपा दोनों को बिना पोस्टिंग के स्थानांतरित कर दिया गया था। इस मुद्दे से संबंधित एक ऑडियो लीक ने राज्य की नौकरशाही को काफी बदनामी का सामना करना पड़ा था, क्योंकि एमएलसी एएच विश्वनाथ ने सवाल किया था कि कैसे मणिवन्नन ने महेश और सिंधुरी के बीच मध्यस्थता की। उन्होंने पूछा था कि क्या राज्य सरकार ने अधिकारी को 'मामले निपटाने' का अधिकार दिया है। बता दें, पूर्व मंत्री महेश ने सिंधुरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव भी पेश किया था और राज्य विधानमंडल के हालिया बजट सत्र के दौरान उनके खिलाफ शिकायतें उठाने के लिए समय मांगा था। इसके बाद विधायक ने कहा था कि सिंधुरी ने माफी मांग ली है और अब वो इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

### जापानी प्रधानमंत्री ने की पीएम मोदी से मुलाकात

# रक्षा, व्यापार व निवेश पर बढ़ेगा सहयोग

**नई दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इससे पहले सोमवार सुबह जापानी प्रधानमंत्री दिल्ली पहुंचे। जापानी प्रधानमंत्री के दौरे का उद्देश्य भारत और जापान के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश और उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। फुमियो किशिदा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी20 और जापान की अध्यक्षता में होने वाली जी7 की बैठकों की प्राथमिकताओं को लेकर बातचीत होगी।



### चीन की चुनौती से निपटने पर फोकस

जापान के प्रधानमंत्री भारत में करीब 27 घंटे बिताएंगे। प्रधानमंत्री मोदी से बैठक के बाद वह एक थिंक टैंक के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे, जहां वह अपने संबोधन में मुक्त हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा करेंगे। बता दें कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन अपनी ताकत लगातार बढ़ा रहा है। यही वजह है कि भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने क्वाड बनाकर चीन की चुनौती से निपटने की योजना बनाई है। किशिदा मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए भारत की बढ़ती भूमिका पर भी वह अपने विचार रखेंगे। मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए भारत और जापान के बीच पेट्रोलिंग बढ़ाने, मेरीटाइम कानूनों का पालन कराने की क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा, डिजिटल और हरित ऊर्जा समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हो सकती है।

## 25 तक सर्वे पूरा करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः शिवराज



**भोपाल।** प्रदेश के 20 जिलों में असमय बारिश और ओलावृष्टि की जानकारी आई है 6 से 8 मार्च के लगभग हुई बारिश के दौरान पहले फेस का सर्वे पूरा हो चुका है 16 से 19 मार्च तक दूसरे फेस का सर्वे शुरू हो चुका है सभी जगह सर्वे दल गठित हो चुके है और सर्वे का काम चल रहा है।

**बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देश-** मध्यप्रदेश सरकार किसान भाई बहनों के साथ खड़ी है, सर्वे में लापरवाही ना हो, पूरी ईमानदारी से सर्वे किया जाए और किसी भी प्रकार की कोई गलती ना करें, रिवेन्यू, कृषि और पंचायत विकास के अमले को सर्वे में एक साथ शामिल करें, सर्वे पूरा होने के बाद सूची को पंचायत के दफ्तर में लगा दिया जाए, सर्वे होने के बाद किसी किसान की आपत्ति आती है तो उसका भी निराकरण किया जाए। फसल सर्वे का पूरा काम 25 मार्च तक हो जाएगा।



### श्रीपेरंबदूर मंदिर में मुख्यमंत्री शिवराज ने सपत्नीक किए पूजन और दर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कांचीपुरम जिले में श्रीपेरंबदूर मंदिर में पूजन और दर्शन किए। उनके साथ धर्मपत्नी साधना सिंह भी थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट कर कहा कि श्रीपेरंबदूर में आकर जो आनंद मुझे प्राप्त हुआ मैं उसको शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।

## विधानसभा से कांग्रेस का वॉकआउट पेपर लीक, तबाह फसल के मुद्दे उठाए

### नरोत्तम बोले- बिना जवाब सुने वॉकआउट, ये तरीका ठीक नहीं





**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन विपक्ष ने सरकार को महू की घटना, ओलों से तबाह फसल, 10वीं-12वीं के पेपर लीक होने पर घेरा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि 20 लाख स्टूडेंट्स के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। बच्चों की फीस वापस की जाए। ओलों से किसान बर्बाद हो गए, अब तक सर्वे शुरू नहीं हुआ। राजस्व अधिकारियों की हड़ताल रोकने के लिए सरकार ने कोई पहल नहीं की। कांग्रेस इन दोनों मुद्दों को लेकर वॉकआउट करती है।

कांग्रेस के वॉकआउट पर संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, ये तरीका ठीक नहीं। बिना जवाब सुने वॉकआउट करते हैं। इनके दोनों नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह एक भी खेत में नहीं गए। ये घडियाली आंसू बहाते हैं। कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसल लेकर विधानसभा पहुंचे। विधायक फसल के साथ गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ गए। कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसल लेकर विधानसभा पहुंचे। विधायक फसल के साथ गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ गए।

**मंत्री सारंग और विधायक परमार में बहस-** तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने पूछा- एनआरआई कोटे से एमपी में किन छात्रों को एडमिशन दिया गया है?आगे कहा- उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में किनका एडमिशन हुआ और किस आधार पर हुआ?

### सागर में छात्रवृत्ति घोटाला

देवरी से कांग्रेस विधायक हर्ष यादव बोले- सागर जिले में 36 करोड़ रुपए का छात्रवृत्ति घोटाला हुआ है। इसकी जांच कराएंगे?जनजातीय कार्यमंत्री मीना सिंह बोलीं- जो लोग शामिल थे, उन पर एफआईआर दर्ज की गई है।नेता प्रतिपक्ष बोले- भिंड जिले में 12 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। जांच कराकर दोषियों को जेल भेजें।यादव बोले- मैंने जो शिकायत की थी, उसकी जांच अब तक नहीं हुई। क्या ऐसे कर्मचारियों को बर्खास्त करेंगी?

### जब कांग्रेस विधायक, मंत्री से बोले- भाषण नहीं, बीजेपी विधायक को जवाब दीजिए

जतारा से बीजेपी विधायक हरिशंकर खटिक ने कहा- टीकमगढ़ जिला अस्पताल बहुत पुराना है। 2489715 आबादी है।अच्छे इलाज की सुविधा नहीं होने पर मरीज दूसरे शहर जाते हैं। टीकमगढ़ में ही मेडिकल कॉलेज खोला जाए।मंत्री विश्वास सारंग बोले- पहले केवल मप्र में 5 मेडिकल कॉलेज थे। अब शिवराज सिंह के प्रयास से 24 मेडिकल कॉलेज हो गए।

### बीजेपी विधायक का मंत्री से सवाल

प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से बीजेपी विधायक गौरीशंकर बिसेन ने पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल से सवाल किया।कहा- मैंने जो सवाल किया था, उसमें बिना जमीनी जांच कार्यों के आधार पर जांच कर ली गई। क्या विधायकों की समिति बनाकर जांच कराएंगे?स्पीकर ने विधायकों की समिति बनाने से इनकार किया, तो बिसेन बोले- क्यों नहीं बनाना चाहिए? मेरा 4 साल बाद प्रश्न आया है। कैसे आया, मैं ही जानता हूं।भितरवार से कांग्रेस विधायक लाखन सिंह यादव बोले- हम लोगों की मांग पर कमेटी में विधायक को शामिल नहीं करते, कम से कम इनकी मांग पर ही शामिल कर दो।नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह बोले- अगर आप चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए तो यहां कमेटी में विधायकों को शामिल करने में क्या दिक्कत है?संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम ने कहा- बिसेन जी वरिष्ठ और सम्माननीय हैं। जिस अधिकारी से कहेंगे, जांच करा ली जाएगी।बिसेन बोले- आप किसी भी सदस्य को रख दीजिए। यशपाल सिंह को रख दीजिए। नरोत्तम बोले- यशपाल जी को रख देंगे।

## संसद में फिर आमने-सामने सरकार और विपक्ष, लोकसभा-राज्यसभा दो बजे तक स्थगित




**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में लगातार दूसरे हफ्ते सरकार और विपक्ष के बीच टकराव जारी है। जहां केंद्र सरकार राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयानों को लेकर माफी की मांग पर अड़ा है, वहीं विपक्ष ने भी दोनों सदन में अदाणी मामले पर जेपीसी की मांग की। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिए गए।

**कांग्रेस सांसदों ने उठाया राहुल से पूछताछ का मुद्दा-** संसद में आज कांग्रेस सदस्यों ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए एक बयान को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियो के उनसे जानकारी मांगने के मामले को लेकर भी नारेबाजी की है।

**कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ बैठक की-** संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सरकार को घेरने के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की। ये विपक्षी दल विभिन्न केंद्रीय एजेंसी के कथित दुरुपयोग और अडाणी समूह से जुड़े कथित घोटाले के मामले पर इस सत्र में सरकार को घेरने को लेकर एकजुट हैं। कांग्रेस के सदस्य 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए बयान को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियो के उनसे आवास पर पहुंचने से जुड़े विषय को भी उठा सकते हैं।

### 25 को आएंगे गृह मंत्री अमित शाह



**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी 25 मार्च को छिंदवाड़ा से महाविजय का उद्घोष कर कार्यकर्ताओं का संबोधित करेंगे। श्री अमित शाह के छिंदवाड़ा आगमन पर कार्यकर्ता व्यापक उत्साह और उमंग के साथ उनके स्वागत के लिए तैयार हैं। श्री शाह जी का छिंदवाड़ा में ऐतिहासिक स्वागत-सत्कार होगा। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने रविवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान कही।

## आंधी और ओलावृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान

**भोपाल।** वर्षा ने किसानों के अरमान धुल दिए हैं। रविवार को भी कई क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि हुई। प्रतिकूल मौसम से फसलों को व्यापक नुकसान की खबर है। प्रदेश सरकार ने फसलों के नुकसान का सर्वे कराने का निर्देश दिया है। सर्वे शुरू भी हो गया है लेकिन अभी कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित है। किसानों ने सर्वे का दायरा बढ़ाकर तत्काल राहत देने की मांग की है।

**गेहूं की फसल खेत में ही गिर गई-** जानकारी के अनुसार रविवार को मालवा- निमाड़ अंचल में वर्षा का दौर जारी रहा। शनिवार की रात व रविवार को हुई वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल खेत में ही गिर गई है। बालियां टूट कर बिखर गई हैं। कटी फसल में भी दाने की गुणवत्ता खराब होने की आशंका बढ़ गई है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी जल्दी सर्वे कर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। फसल देखकर किसानों की आंखों में आंसू हैं।



### तरबूज और प्याज की फसल नष्ट

खंडवा जिले में जिले में करीब 800 एकड़ में तरबूज और 200 एकड़ में प्याज की फसल नष्ट होने का अनुमान लगाया जा रहा है। राजस्व और उद्यानिकी विभाग की टीम खेतों में सर्वे कर नष्ट फसलों का आकलन करने में जुट गई है।

### गेहूं की चमक फीकी पड़ने का अंदेशा

कृषि उपसंचालक केसी वास्केल ने बताया कि जिले में 20 फीसद किसान ऐसे हैं जिन्होंने मौसम को देखते हुए फसल नहीं काटी है। काटकर रखी गई गेहूं की फसल यदि भीगी है तो गेहूं की चमक फीकी पड़ने का अंदेशा रहेगा। बुरहानपुर में सैकड़ों हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो गई है।

# सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने कहा चैटीचंड पर व्यापारी कारोबार बंद रखें

## झूलेलाल जयंती पर शाम को निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील





**संत हिरदाराम नगर।** सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने सभी व्यापारिक संगठनो को पत्र लिखकर सिंधियों के इष्टदेव एवं सभी हिन्दुओं के आराध्य देव वरूणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती 23 मार्च को कारोबार पूरी तरह से बंद रखने की अपील की है। पंचायत के नवनियुक्त अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने यहां की व्यापारिक संस्था थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी, ग्रेन मर्चेन्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, सर्राफा व्यापारी संघ के नरेश तोलानी, बर्तन व्यापारी संघ के रामचंद मूलचंदानी आदि को पत्र लिखकर कहा है कि भगवान झूलेलाल जयंती साल में एक बार ही आती है इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि उस दिन प्रत्येक व्यापारी अपना कारोबार बंद रखकर भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना के अलावा शाम को निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा में शामिल हो। सुरेश जसवानी ने सभी व्यापारियों से यह भी आग्रह किया है कि दीपावली पर जो रोशनी की गई थी, वह सामग्री हर व्यापारी एवं व्यक्ति अगले साल की दीपावली के लिए संभालकर रखता है, लेकिन इस बार उस रोशनी की सामग्री को चैटीचंड पर अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों पर सजाएं और देश तथा दुनिया को दिखा दें कि हम स्नातनी हैं और भगवान झूलेलाल हमारे इष्ट देवता हैं।

# अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने किया संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय सम्मानित




**संत हिरदाराम नगर।** अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा डेल टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में उसकी हितग्राही संस्था संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज को सम्मानित किया गया। कॉलेज ने कौशल विकास कार्यक्रम हेतु अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन को अवसर दिया एवं सत्र 2022-23 में परस्पर सहयोग के लिए अनुबंध किया है। अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन एक नॉन प्रॉफिट संस्था है, जो भारत मे सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति लाने के लिए प्रतिबद्ध संस्था है। महाविद्यालय में इस संस्था द्वारा कम्युनिकेशन स्किल की कक्षाएं आयोजित करी गई थीं। संस्था के लिए ये सम्मान ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की डॉ. मीनू टहिल्यानी को प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन से सम्बद्धता के माध्यम से कौशल विकास की कार्यशाला आयोजित करना अत्यंत ही संतोषजनक रहा एवं कार्य तीव्र गति से संभव हुआ।

# क्रिएटिविटी बियोंड द्वारा समर फिएस्टा सीजन 2 का आयोजन



**भोपाल।** क्रिएटिविटी बियोंड ने आज राजधानी के मानस भवन में समर फिएस्टा सीजन 2 का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने अपने प्रोडक्ट को प्रदर्शित किया क्रिएटिविटी बियोंड की संचालक वंदना करनानी ने बताया कि उनके द्वारा अभी तक 11 सीजन प्रदर्शित किए गए हैं इनके जरिए बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों को एक मंच मिला है जिससे वह अपने उत्पाद जनता तक पहुंचा सके साथ ही महिला उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया यह सम्मान भोपाल महापौर मालती राय एवं पूर्व आईपीएस राव आईएएस अकैडमी की संचालिका अरुणा राव द्वारा प्रदान किए गए

# आयुर्वेद पेड़-पौधों के औषधीय गुणों का खजाना : मंगुभाई पटेल

## राज्यपाल ने पंडित उद्धव दास मेहता पुरस्कार प्रदान किए

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आयुर्वेद पेड़ पौधों के औषधीय गुणों का खजाना है। हमारे पूर्वजों के औषधीय ज्ञान की यह अद्भुत धरोहर है। आयुर्वेद की महिमा से कोविड काल में सारी दुनिया परिचित हुई है। उन्होंने कहा कि रोगों के उपचार की विभिन्न चिकित्सा प्रणालियां हैं। आयुर्वेद ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो ज्ञान, आचार विचार और उपचार पर आधारित है। रोगों को जड़ मूल से खत्म करने वाली पद्धति है।

राज्यपाल श्री पटेल आज पंडित उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण के बाद उपस्थितजन का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक कुल पांच वर्षों के पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2017 के लिए जयपुर के स्वर्गीय श्री माधव सिंह बघेल को जिसे उनके पुत्र श्री अनिकेत बघेल ने प्राप्त किया। वर्ष 2018 के लिए शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय उज्जैन को जिसे संस्थान के प्राचार्य श्री जे.पी. चौरसिया ने, वर्ष 2019 का पुरस्कार डा. रामविलास सोहगौरा को, वर्ष 2020 का पुरस्कार रानी दुल्लैया आयुर्वेद पी.जी. महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल को जिसे आर. डी. मेमोरियल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन, श्री हेमंत चौहान ने और वर्ष 2021 का आरोग्य भारती, लोक न्यास भोपाल को जिसे राष्ट्रीय सचिव श्री सुनील जोशी ने प्राप्त किया। पुरस्कार में एक लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय जीवन पद्धति का अंग है। पेट दर्द के लिए नीम की छाल, सर्दी जुकाम के लिए अणुषा का उपयोग घर-घर में होता था। आवश्यकता, आयुर्वेद के संबंध में जन जागरूकता के प्रसार की है। उन्होंने कहा कि जानकारी का अभाव विकास की सबसे बड़ी बाधा है। मध्यप्रदेश में करीब 1 करोड़ 90 लाख जनजातीय आबादी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश जनजाति समुदाय का बड़ा भाग अनुवांशिक सिकल सेल एनीमिया रोग से पीड़ित है। जानकारी के अभाव में रोग सदियों से व्याप्त है। राज्यमंत्री आयुष स्वतंत्र प्रभार रामकिशोर कांवरे ने कहा कि प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया रोग के उपचार के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय में अनुसंधान किया जा रहा है। महाविद्यालय में सबसे बड़ा हर्बल गार्डन निर्माणाधीन है, जिसमें आयुर्वेद की जड़ी बूटियों का उत्पादन होगा। गुजरात से आए सिकल सेल रोग की आयुर्वेदिक औषधि की खोज करने वाले डॉक्टर अतुल देसाई ने कहा कि आयुर्वेद को विश्व स्तर पर पहुंचाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने आयुर्वेद में बायोटेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फार्माकोलॉजी आदि को एकीकृत करने की जरूरत बताई। उन्होंने बताया कि वे आयुर्वेदिक औषधि के द्वारा सिकल सेल रोग के क्लीनिकल प्रबंधन का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रमुख सचिव आयुष प्रतीक हजेला ने दिया। पुरस्कार के संबंध में जानकारी दी। आभार प्रदर्शन आयुक्त आयुष श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया। कार्यक्रम में विधायक पीसी शर्मा, उद्धव दास मेहता ट्रस्ट के दीपक मेहता मंचासीन थे।

# जीनगर समाज का होली मिलन और समाज विकास पर हुई बैठक



## जीनगर समाज के गौरवशाली इतिहास के अनुरूप हो आचरणः ढालिया

**भोपाल।** जीनगर समाज भोपाल का होली मिलन समारोह समाज धर्मशाला मे सभा के प्रांतीय अध्यक्ष गोवर्धन आसेरी की अध्यक्षता में समाज की प्रातः स्मरणीय विभूतियों को गुलाल लगाकर और फाग गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच फूल पंखुड़ियों और गुलाल उड़ाकर हर्षोल्लास से हुआ इस अवसर पर अध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने होली पर्व की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए देश समाज,विकास के लिए सभी समाजजनों से एक रंग में इमानदारी से शत प्रतिशत योगदान देने का आव्हान किया इस अवसर पर अजय पवार को सामाजिक सदस्यता प्रभारी बनाया इस अवसर पर घनश्याम पवार, प्रेम पवार, अमर शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष अशोक सांखले, गजेंद्र पंवार,देवेंद्र चौहान, सुरेश पवार, मोती डाबी, विकास चौहान, सुनील डाबी,मनोहर पंवार,मुरली डाबी, पवन चौहान, विशाल डाबी,राजू सोलंकी, मुकेश पंवार, राजेश बायड, मुकेश बोराना,विनोद डाबी,मनोज पंवार,सुनील बायड, रितिक पवार,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# नवनिध में छात्राओं एवं अभिभावकों के लिए सत्र का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में संत सिद्ध भाऊ के सानिध्य व मार्गदर्शन में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क हेतु स्वागत एवं परिचय सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर ए.सी. साधवानी, अमृता मोटवानी, जयश्री मूर्ति, रीटा आहूजा सहित कई उपस्थित थे। सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कारों का रोपण आवश्यक है जिससे वे भविष्य में गुणवत्तापूर्ण नागरिक बनेंगे। माता-पिता अपने बच्चों के प्रथम नायक होते हैं जिन्हें बच्चा स्वीकार करके चलता है व अनुसरण करता है। अतः माता-पिता के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को व्यवहारिक गुणों की भी शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बड़ा आदमी बनने के लिए सही सोच होनी चाहिए। माँ ही बच्चों को बचपन से सही सोच व अच्छे गुण देती है।

# जतिन उदासी की प्रस्तुति पर झूम उठे युवा, छाया रहा सिंधियत का जादू



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी अबाड़ी बोली, मिठड़ी असा जी बोली, जैकों सिन्धियून जो भगवान आ जैसे अनेक सिंधी गीत जैसे ही ड्रम की बीट पर म्यूजिक से गूंजे तो पूरा गार्डन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था सिंधु सेना द्वारा लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में आयोजित एक शाम सिन्धियत के नाम कार्यक्रम का। जिसमें मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय युवा गायक जतिन उदासी को आमंत्रित किया गया था। हाई वॉल्ट म्यूजिक व रंग बिरंगी लाइटो के बीच बने विशाल मंच पर जैसे ही जतिन का आना हुआ वैसे ही दर्शकों ने जतिन उदासी का खड़े होकर अभिवादन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती से की गई, उसके बाद हेमू कालाणी पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। साथ ही अजमेर से आये हुये नन्हे कलाकार हर्षल चांदवानी द्वारा द्वारा एक से सिंधी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। उसके बाद मंच पर जतिन उदासी ने एक के बाद एक सिंधी सूफी कलाम गाकर गार्डन में उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया, इस दृश्य को देख ऐसा लग रहा था जैसे चारो तरफ स्वागत गार्डन में सिन्धियत का जादू छाया हो, हर कोई व्यक्ति जतिन उदासी के इस लाइव कॉन्सेप्ट को अपने कैमरे में कैद करता हुआ दिखाई दे रहा था।



**भोपाल।** रसधाम गार्डन में प्रांतीय लखेरा समाज भोपाल का होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें सभी समाज बंधु उपस्थित हुए जिसमें रंगारंग कार्यक्रम और समाज के विकास कार्यों पर चर्चा हुई सचिव श्री संतोष लखेरा द्वारा मंच का संचालन किया गया एवं समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# जन हितेषी बजट के लिए वित्त मंत्री देवड़ा का अग्रवाल महासभा ने किया सम्मान



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सर्वहारा वर्ग के कल्याण और जन हितेषी बजट प्रस्तुत करने पर पर अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल जी राष्ट्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ नवनीत अग्रवाल, मनमोहन मंगल, जेपी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी का गमछे और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान कर धन्यवाद आभार किया इस अवसर पर शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के संयोजक भगवानदास ढालिया, प्रेम पवार, सहित भोपाल के प्रमुख व्यापारी गण उपस्थित थे।

# सिट्रॉएन की पहली इलेक्ट्रिक कार भारतीय बाजार में लांच



**भोपाल।** सिट्रॉएन की ओर से पहली इलेक्ट्रिक कार को भारतीय बाजार में लांच की जा चुकी है। अनंता मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नियर श्री राम कॉलोनी होशंगाबाद रोड शोरूम में कंपनी की ओर से इसके लिए आधिकारिक तौर पर बुकिंग भी शुरू कर दी गई हैं। इस दौरान कार लॉन्चिंग पर कंपनी केचीफ गेस्ट आशुतोष कुमार रीजनल मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सीईओ अभिषेक साह, जनरल मैनेजर विशाल दामले उपस्थित रहे।ई सी3 में क्या खास होगा। आइए जानते हैं। फ्रेंच कार निर्माता सिट्रॉएन की ओर से देश में पहली इलेक्ट्रिक कार ई सी3 को लॉन्चिंग किया जा चुका है कंपनी ने लॉन्च से पहले इसकी आधिकारिक बुकिंग को शुरू कर दिया है। इस कार में क्या खूबियां हैं। इसकी बैटरी कितनी दमदार है, इससे कितनी रेंज मिलेगी और इसकी कीमत क्या हो सकती है। हम इन सबकी जानकारी आपको इस खबर में दे रहे हैं।सिट्रॉएन की ओर से पहली इलेक्ट्रिक कार ईसी3 के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या फिर नजदीकी डीलरशिप के जरिए इसके लिए बुकिंग करवाई जा सकती है। सिट्रॉएन की इलेक्ट्रिक कार को सिर्फ 25 हजार रुपये में बुक करवाया जा सकता है।इलेक्ट्रिक सी3 के फीचर्स की बात करें तो इसमें 26 सेमी की सिट्रॉएन कनेक्ट टचस्क्रीन मिलेगी जो वायरलेस स्क्रीन मिररिंग के साथ आएगी।

# कलाकारों ने आकर्षक तरीके से किया नाटक टैक्स-फ्री का मंचन

## दृष्टिमन रंग कला समिति द्वारा किया जा रहा तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन



**भोपाल।** दृष्टिमन रंग कला समिति द्वारा नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में नए थिएटर टेरेस की स्थापना की गई है। इस टेरेस थिएटर मे तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया जा रहा है। समारोह के दूसरे दिन द रिफ्लेक्शन सोसायटी फॉर परफोर्मिंग आर्ट एंड कल्चर द्वारा तनवीर अहमद के निर्देशन में मराठी लेखक डॉ.चंद्रशेखर फणसलकर लिखित एवं विदुला गोरे द्वारा अनुवादित नाटक टैक्स-फ्री का सफल मंचन हुआ। जीवन के पल को खुलकर जीना ही असली जीवन है। साथ ही जिंदगी की लाचारियों से आगे बढ़कर जीवन के हर लम्हे को छोटी-छोटी खुशियों से समेटकर हर पल का लुत्फ उठाने का भी। इस प्रकार हंसी के ठहाकों के बीच नाटक मैं मानवीय संवेदनाओं के साथ-साथ सामाजिक ताने-बाने को समझाने का प्रयास है।

नाटक की कहानी चार अंधों पर आधारित है, जो जन्मांध नहीं, बल्कि किसी ना किसी दुर्घटनावश अंधे हो गए हैं। वे अंधों की तरह लाचार ना होकर मनोरंजन से भरी जिंदगी जीते हैं।नाटक की कहानी ब्लाइंड मेन्स क्लब से शुरू होती है, जहां कुछ फीस देकर नेत्रहीनों का मनोरंजन किया जाता है। क्लब चलाने वाला मास्टर भी अंधा होता है इसलिए वह क्लब का मुख्य द्वार इस तरह बनाता है कि कोई दूसरा व्यक्ति न हो। वे अपने अंधेपन का फायदा नहीं उठा सकते, इसलिए मुख्य दरवाजा फर्श से 5 फीट ऊंचा है। दरवाजे की ओर एक सीढ़ी ऊपर जा रही है, जैसे ही दरवाजे का कुआं बजता है, क्लब में प्रवेश करने वाले व्यक्ति की दृष्टिहीनता की जांच की जाती है। नाटक में अंधा व्यक्ति सदाशिव काले दूसरे अंधे व्यक्ति जगताप से कहता है कि बच्चे के उपनयन समारोह से कुछ देर पहले ही उसने अचानक उसे देखना बंद कर दिया। कुछ देर बाद क्लब की डोर बेल बजती है और श्याम अंदर आता है। गेट से निकलते ही श्याम नीचे गिर जाता है। सभी मिलकर उसे बताते हैं कि ब्लाइंड मेन्स क्लब में एक नए साथी का स्वागत है।

इन कलाकारों ने किया अभिनयः रघुनाथ जगताप-अर्शिन खान, विठ्ठल पंढ़रपुर-अमित पाण्डेय, केंजले मास्टर - डायमंड सोनी, सदाशिव काले- रितिक यादव, सोनावणे- कुणाल चावड़ा, मंच व्यवस्थापक - उन्नीत चौरसिया, मंच परिकल्पना - दिनेश नायर, प्रकाश - तनवीर अहमद, मंच निर्माण -विशाल जैसवाल,उन्नीत चौरसिया, संगीत संचालन - शुभम रॉय, निर्देशकीय सहयोग- डॉ.नाहिद तनवीर।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री का सोशल ऑडिट, सड़क की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

**विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सारंग**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता उच्च हो और समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण हों। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों के सोशल ऑडिट के दौरान नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिये। मंत्री सारंग रविवार सुबह 7 बजे से ही नरेला विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों के औचक निरीक्षण के लिये पहुँचे। इस दौरान उन्होंने रहवासियों से विकास कार्यों की गुणवत्ता का फीडबेक भी लिया। मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत द्वारका नगर, राजीव नगर, चांदबड़, स्टेशन 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, गौतम नगर, रचना नगर, कस्तूरबा नगर सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का रहवासियों के साथ सोशल ऑडिट किया। उन्होंने बताया कि नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट के जरिये नई परंपरा की शुरूआत की गई है। इससे क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की जाँच शासकीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ ही अब रहवासी भी करेंगे। सोशल ऑडिट के लिये हर क्षेत्र में वार्ड स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। यह समिति ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। नरेला विधानसभा के वार्ड 36 चांदबड़ में निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। सारंग ने स्वयं इंचीटेप से सड़क की नपाई की। उन्होंने पाया कि सीसी सड़क की मोटाई 4 इंच के स्थान पर 3 इंच है। इस पर मंत्री सारंग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में सुधार करने के लिये निर्देशित किया।

**अधिकारियों से की चर्चा:** मंत्री सारंग ने वार्ड 76 के छोला दशहरा मैदान के समीप स्थित समस्त भोपालवासियों के आस्था के केंद्र खेड़ापति हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मिनी कॉरिडोर निर्माण संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। खेड़ापति कॉरिडोर में हनुमान चालीसा की चौपाईयों का चित्रण भी किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर के कायाकल्प के साथ ही मन्दिर के समीप मार्केट को भी व्यवस्थित रूप से विकसित किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री सारंग ने छोला दशहरा मैदान के रिंग रोड निर्माण के प्लान को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी।

**इन स्थानों पर हुआ सोशल ऑडिट:** मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र की उड़िया बस्ती में शिव-पार्वती मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य, कृष्णा नगर में सीसी नाला निर्माण, चांदबड़ में सीसी नाली एवं सड़क निर्माण, गौतम नगर में सड़क निर्माण, कस्तूरबा नगर में पार्क निर्माण, करोंद चौराहा में स्मार्ट सड़क निर्माण सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के 17 वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तय समयावधि और गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया।

**हर अवकाश पर क्षेत्र में किया जायेगा सोशल ऑडिट:** मंत्री सारंग ने कहा कि रविवार के साथ हर अवकाश के दिन नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट किया जाएगा। साथ ही सुधार कार्य के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबेक भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही या गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



## डॉ. रेनू श्रीवास्तव को मिला अचला-उदिता सम्मान

**भोपाल।** महिला दिवस के उपलक्ष में पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं स्वदेश न्यूज़ चैनल द्वारा समन्वय भवन में अचला-उदिता सम्मान 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्र जिनमें प्रमुख रूप से पत्रकारिता, समाज सेवा,शिक्षा इत्यादि शामिल हैं। में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह मेंआईएस यूनिवर्सिटी, भोपाल में कम्युनिकेशन तथा अंग्रेजी विभाग मैं कार्यरत प्रोफेसर डॉ. रेनू श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया यह पुरस्कार उन्हें सुश्री उषा ठाकुर मंत्री -पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि डॉ रेनू श्रीवास्तव विगत 22 वर्षों से इंजरिंग, मैनेजमेंट, केंपस प्लेसमेंट और कैट की तैयारी कर रहे छात्रों को इंग्लिश साहित्य एवं कम्यूनिकेशन की शिक्षा प्रदान कर रही हैं। वे अंग्रेजी साहित्य की तीन पुस्तकों की लेखिका भी हैं साथ ही साथ उनको विभिन्न मीडिया और अन्य संस्थाओं द्वारा अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## ग्लूकोमा सप्ताह के तहत एम्स के छात्रों ने लोगों को किया जागरुक



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विश्वभर में ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत् लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एम्स भोपाल द्वारा भी नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज संस्थान के नेत्र विज्ञान ओपीडी के पास जागरूकता के प्रसार के लिए एम्स के स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। चिकलोद कैंप में एक जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें एम्स भोपाल की ओर से पैम्फलेट बांटे गए। 14 मार्च दाहोद में शिविर लगाया गया था, वहां से आज 12 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया।

## नगर निगम का बजट कल

**भोपाल ।** राजधानी में नगर निगम परिषद की बैठक 21 मार्च को बुलाई गई है। तीन साल बाद महापौर परिषद की बैठक में बजट पेश करेगी। इस बार के बजट 32 सौ करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इस बार के बजट में प्रापर्टी टैक्स या जल कर में कोई बदलाव नहीं होगा। बजट में नीमच में प्रस्तावित सोलर-विंड प्रोजेक्ट का एजेंडा भी चर्चा में रखा गया है। इसके अलावा ऐशबाग स्टेडियम का नाम भी पूर्व सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग के नाम से करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

निगम एजेंडे में लालघाटी में सुल्तानिया इन्फ्रेंट्री तक जाने वाली सड़क का नाम शहीद कैप्टन वरुण सिंह के नाम पर रखना प्रस्ताव भी लाया जाएगा। इसके अलावा वार्ड-56 अंतर्गत बरखेड़ी पठानी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के नाम पर शास्त्री नगर किए जाने का प्रस्ताव भी आएगा। जहांगीराबाद चौराहे से एक्सटाल कॉलेज होते हुए पुल-पातरण तक के मार्ग का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर मार्ग किए जाने संबंधित प्रस्ताव भी आएगा।भोपाल नगर निगम के बजट में पार्षद और महापौर निधि में कोई बदलाव नहीं होने की की बात कहीं गई है। बजट बैठक के अमृत-2 निगम के बजट की बड़ी राशि का प्रावधान होगा। वहीं, बजट से पहले कांग्रेस ने निगम की सत्ता पर काबिज बीजेपी पर जनहित के मुद्दों पानी, सीवेज को शामिल नहीं करने का आरोप लगाया है।

# सीताराम नाम जप यज्ञशाला में पहुंचे राजस्व एवं परिवहन मंत्री

**यज्ञ की व्यवस्था में नहीं आने दी जाएगी कोई भी कमी:गोविंद सिंह राजपूत**



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हितानंद त्यागी महाराज नेपाली बाबा द्वारा राजघाट के समीप शारदा माता मंदिर प्रांगण में अप्रैल माह के अंत में होने वाले सीताराम नाम यज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रहीं है जिसको लेकर रविवार को राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत यज्ञशाला पहुंचे यज्ञ शाला में क्षेत्रवासियों ने यज्ञ में दान देने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया किसी ने नगद धनराशि की घोषणा की तो किसी ने अन्ना के रूप में दान दिया सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने क्षेत्रवासियों का आवाहन करते हुए कहा कि यज्ञ में 1 का दान भी करोड़ों से कम नहीं होता यज्ञ विश्व कल्याण के लिए किया जा रहा है दान देने वाले की श्रद्धा देखी जाती है ना कि उसके द्वारा दिए जाने वाले दान की संख्या इसलिए इस महायज्ञ में अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग करें एवं हमारे इस विश्व कल्याण यज्ञ को सफल बनाएं इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि 1008 कुंडली यह यज्ञ एक ऐतिहासिक होगा जिसके लिए सारी व्यवस्थाओं को लेकर आए दिन बैठकर की जा रही है यज्ञ को लेकर क्षेत्र वासियों में उत्साह है नेपाली बाबा के सानिध्य में यह महा आयोजन इतिहास रचेगा। राजपूत ने कहा कि क्षेत्रवासी महा आयोजन में तन, मन ,धन से अपना सहयोग कर रहे हैं दान सिर्फ अर्थ का नहीं समय का भी बहुत महत्वपूर्ण है बैठक में आए सभी क्षेत्रवासियों ने अपने सामर्थ्य अनुसार इस महा आयोजन में दान रूपी आहुति दी इसके लिए आप सभी का हृदय से धन्यवाद इस अवसर पर नेपाली बाबा ने सभी धर्म प्रेमियों को आशीर्वाद दिया।

### यज्ञशाला पर हो चुकी व्यवस्थाएं

यज्ञ स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण, प्रकाश की व्यवस्था हेतु लाईट, लोगों के लिये रूकने के लिये पंडाल की व्यवस्था आदि कार्य जोर शोर से लगे हुये हैं। क्षेत्रवासी इस कार्य को लेकर उत्साह से बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है पंडाल की व्यवस्था के लिये 2 ट्रक बांस असम से लाये गये है जिनसे सुंदर यज्ञशाला तथा पंडाल की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन को सफल बनान हम सब की जिम्मेदारी है यज्ञ की व्यवस्था में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी आयोजन में हर व्यक्ति को अपने जिम्मेदारी निभानी चाहिए यह धार्मिक आयोजन स्थानीय, क्षेत्रीय तथा विश्व कल्याण के लिये है। यह विशाल आयोजन हमारे क्षेत्र में किया जा रहा है जिसमें हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि कोई कमी ना आये और इस कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से किया जा सके।

राजपूत ने कहा कि यज्ञ 1008 कुंडीय होगा साथ ही यज्ञ में 1000 से अधिक भजन मंडलिया शामिल होगी जिसमें संतों के आगमन एवं उनकी ठहरने आदि की व्यवस्था ,जिस हेतु 10 मंडलों का गठन किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से जैसीनगर, बिलहरा, सुरखी, गौरझामर, देवरी, सीहोरा, नरयावली, एवं राहतगढ मंडल शामिल है। श्री राजपूत ने कहा कि यज्ञ में असम से बांस लाए गए हैं जो यज्ञ स्थल पर मंडप बनाने के लिए है इसके अलावा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सभी लोगों को जिम्मेदारी दी गई है ।

धर्मसभा की बैठक में एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामबाबू सिंह जनपद अध्यक्ष, हरनाम सिंह ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, देवेंद्र फुसकेले,सुरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र पाठक, मुन्ना मिश्रा, रामकुमार बरकोटी, घनश्याम पटैरिया, धीरज सेलट, राधेश्याम मिश्रा, पप्पू राय, गुड्डा शुक्ला, शरद मिश्रा, साहब सिंह सेमरा, पप्पू दुबे, अरूण दुबे, हरिराम, संतोष पटैल, तखत सिंह लोधी, कुलदीप सोनी, रोशन जाट, गोविंद सचिव, लोकमन लोधी, सुखराम सिंह, गब्बर सिंह, भोले यादव, योगेश पटैल, महेन्द्र लोधी, ऊधम सेन, बृजेश विश्वकर्मा, गोविंद मिश्रा, राजा ठाकुर, रामराज सिंह लोधी, अशोक मिश्रा, महेन्द्र लोधी, इंद्र सिंह, नारायण सिंह सुरखी, तुलसीराम नामदेव, जगदीश लोधी, अमोल सिंह, अनंत सिंह, संतोष सेन सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# इंडिया पोस्ट आफिस में भी महिलाएं खोल सकती है लाड़ली बहना योजना के खाते

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पोस्ट आफिस के साथ संचालित इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से लाड़ली बहना योजना के लिए महिलाओं के खाते खोले जा रहे हैं। अधीक्षक मुख्य डाकघर ने इस संबंध में बताया कि रीवा में सिरमौर चौराहे में स्थित प्रधान डाकघर में प्रतिदिन 500 से अधिक महिलाओं के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। पोस्ट आफिस द्वारा संचालित इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खोलने की कार्यवाही ऑनलाइन की जाती है। जिले भर में 250 पोस्टमैन घर-घर जाकर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में महिलाओं के खाते खोल रहे हैं। सभी खाते जीरो बैलेंस में खोले जा रहे हैं।

डाक अधीक्षक ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का नेटवर्क पूरे जिले में विस्तारित है। इसमें लाड़ली बहना योजना के लिए महिलाओं के डीबीटी खाते खोले जा रहे हैं जिसमें किसी भी डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम की राशि प्राप्त की जा सकेगी। हितग्राहियों को पेपरलेस बैंकिंग के क्यूआर कार्ड भी वितरित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन खाता खोलना बहुत आसान है। केवल दो से पाँच मिनट की अवधि में मोबाइल एवं बायोमेट्रिक डिवाइस से किसी भी व्यक्ति का खाता खुल जाता है। खाता खोलने के लिए आधार पंजीयन तथा समग्र आईडी का होना आवश्यक है। हितग्राही के मोबाइल में ओटीपी के माध्यम से ऑनलाइन खाता खोला जाता है। मोबाइल नम्बर न होने पर बायोमेट्रिक डिवाइस से खाता खोला जाता है।

## सुर शंकरा की स्टेट म्यूज़ियम में हुई संगीतमयी शाम




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सुर शंकरा म्यूज़िकल ग्रुप ने भोपाल में संचालित पांच प्रतिष्ठित म्यूज़िकल ग्रुप के ऑर्गनाईजर्स को सुर शंकरा के चमकते सितारों के साथ अपनी मधुर आवाज़ का प्रदर्शन करने की एक अनोखी पहल सफल हुई। ग्रुप के कार्य.अध्यक्ष/मैनेजर इंजी. प्रतीक गर्ग एवं प्रेरणास्त्रोत निहारिका गर्ग ने बताया कि ग्रुप की स्टेट म्यूज़ियम भोपाल में 19 सम्पन्न हुई 112वीं प्रस्तुति में आरजे मोह माया द्वारा अपनी कसावटपूर्ण एंकरिंग के रहते लगभग तीन दर्जन से अधिक गानों की प्रस्तुति कराई जिसमें कार्यक्रम का टायटल गीत "सबके रहते लगता है जैसे, कोई नहीं है मेरा' ग्रुप अध्यक्ष सुरेश गर्ग एवं अन्य सिंगर्स में बेबी अलीज़ा खान ने सोलह बरस की बाली उमर, बेबी फाल्गुनी पुरोहित एवं रिषी गर्ग ने आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, गीतिका लोहट ने ले तो आये हो मुझे सपनों, संभागीय अध्यक्ष आयशा खान एवं सुरेश गर्ग ने सुन सुन सुन ओ गुलाबी कली, प्रतिभा अग्रवाल और श्याम अग्रवाल ने तुम्हें दिल से कैसे जुदा, रीता बोथे और नेतराज सोलंकी ने यूं ही तुम मुझसे बात, कप्तान बी.एल. रायकवार ने कितने भी तू कर ले सितम, मीडिया प्रभारी इरशाद खान ने जुबां पे दर्द भरी दास्तां चली आई, मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने वाली माउथ आर्गन प्लेयर सिद्धी सोनी ने ओ सजना बरखा बहार आई, के अलावा जे.के. म्यूज़िकल ग्रुप की ओर से जगदीश रायकवार एवं सुनीता मालवीय ने प्रस्तुति दी।

# देसी हांडी फ़ूड फेस्ट का स्वाद और लाजवाब जायके के साथ समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

श्रीअन्न से तैयार व्यंजन तथा प्रदेश की कारीगरी एवं कलाओं को एक मंच पर एकजुट करने के उद्देश्य से भोपाल के हेशल फाउंडेशन तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग के समन्वय से बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में आयोजित देसी हांडी फूड फेस्ट का रविवार को शानदार समापन हुआ । फेस्ट में श्री अन्न (मिलेट्स) से तैयार विविध आदिवासी व्यंजनों के साथ ङ्क साथ प्रदेश के विभिन्न अंचलों में प्रचलित व्यंजनों का स्वाद भी राजधानी वासियों को चखने को मिला। इसके अतिरिक्त अन्य विधियों जैसे बंगाली, उड़ीया, राजस्थानी, सिंधी, मुगलई आदि से तैयार मिलेट्स के व्यंजन भी फेस्ट में शामिल थे । फेस्ट में विशेष रूप से म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पी.एम.ई.जी.पी. योजना में मसाले उत्पादन हेतु वित्तपोषित इकाई देवास यशस्वी फाउंडेशन द्वारा विंध्या वैली ब्रांड के मसालों का उपयोग करते हुए मालवी व्यंजन दाल बाफले और चूरमे के लड्डू भी परोसे गए । हेशल फाउंडेशन के ओर से श्री सब्यसाची तथा दीपांजन ने बताया की फूड फेस्ट प्रदेश के स्वाद और रंगों को एकजुट करने का एक प्रयास है, जिसका उद्देश्य वंचित बच्चों के पोषण के लिए धन जुटाना है। यह संभवत: पहला अवसर है जब आदिवासी, ग्रामीण और पारंपरिक भोजन को एक साझे मंच पर पेश किया गया । इस फेस्ट में म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से चरखे पर सूत कताई, करघे पर कपडे की बुनाई का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया । इसी प्रकार हस्तशिल्प विकास निगम द्वारा एक जिला एक उत्पाद हेतु चयनित धार जिले का ब्लाक प्रिंट, भोपाल का ज़री ज़रदोज़ी, सीहोर का खराद शिल्प (लकड़ी के खिलौने), डिंडोरी की गोंड पेंटिंग जैसी पारंपरिक कलाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गय।



प्रदेश की पारंपरिक पाक कला को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से म.प्र. माटीकला बोर्ड की ओर से राज्यस्तरीय पुरस्कार विजेता श्री देवीदीन द्वारा विशाल मिट्टी की हांडी भी प्रदर्शनी स्थल पर तैयार की गई 7 जिसे लोगो द्वारा सराहा गया । इसके साथ ही माटीकला बोर्ड के कारीगर श्री राजेश द्वारा माटी उत्पादों से विशेष साज सज्जा की गई । इस फेस्ट में आदिवासी नृत्य, कथक और लोक गायन जैसे कार्यक्रम भी हुए । फेस्ट में ट्राइबल पेंटिंग्स, मृगनयनी और कबीरा खादी ब्रांड के एक्सक्लूसिव गारमेंट्स , हैंडमेड गुड्स, मिलेट प्रोडक्ट्स और भी बहुत से जिलों के किसानों द्वारा मिलिट्स उत्पाद उपलब्ध कराए गए ।

## महापौर ने मालीखेड़ी आवासीय परियोजना का किया निरीक्षण



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मालीखेड़ी में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवासीय परियोजना के सभी कार्यों अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि हितग्राहियों को आधिपत्य सौंपा जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री आर.के.सक्सेना व आरके गोयल, नगर यंत्री जेड.ए.खान सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर मालती राय ने रविवार को मालीखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एमआईजी, एलआईजी तथा स्लम एवं नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सभी आवासों के शेष निर्माण कार्यों, जलप्रदाय, सीवेज, सड़क, विद्युत सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर ने आवासीय परियोजना के हितग्राहियों को शीघ्र आवासों का आधिपत्य सौंपने के दृष्टिगत आवासीय परियोजना के सभी शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती राय ने सभी कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित भी किया। महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया गया कि मालीखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 एमआईजी, 330 एलआईजी तथा स्लम एवं नॉन स्लम श्रेणी के 393 आवास बनाये जा रहे हैं।

स म्पा द की य

# और सख्त कदम जरूरी

पंजाब पुलिस को आखिरकार कट्टरपंथी सिख उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ सख्त रुख अपनाना पड़ा। शनिवार को वह पुलिस टीम को चकमा देने में जरूर कामयाब हो गया, लेकिन पुलिस ने उसके कुछ करीबी सहयोगियों समेत बड़ी संख्या में समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अमृतपाल को फरार घोषित कर दिया गया है और पुलिस टीमें उसे जगह-जगह तलाश रही हैं। इस बीच उसके पैतृक गांव के आसपास तो कड़ी घेराबंदी कर ही दी गई है, पूरे राज्य में आज दोपहर तक के लिए इंटरनेट शाटडाउन भी कर दिया गया है।

असल में ये कदम इसलिए जरूरी थे क्योंकि यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील है। न केवल राज्य के अंदर अमृतपाल के समर्थक इन कार्रवाइयों को धार्मिक रूप देने का प्रयास कर सकते हैं, अपितु पड़ोसी देश की तरफ से भी अवांछित तत्व ऐसे कुत्सित प्रयासों को हवा दे सकते हैं। मिली सूचनाओं के मुताबिक, ऐसे कुछ प्रयास शुरू भी हो गए हैं। ऐसी अफवाहें उड़ाने की कोशिश की जा रही हैं कि पंजाब में बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है और धार्मिक स्थानों में आग भी लगाई गई है। इसमें पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई का हाथ होने की बात भी कही जा रही है।

पड़ोसी देश में सक्रिय भारत विरोधी तत्वों की ऐसी करतूतें नई या अप्रत्याशित नहीं हैं। इन पर नजर रखने और उपयुक्त मंचों पर सही तरीके से कार्रवाई करते हुए रोक लगाने के प्रयास जारी रहने चाहिए। लेकिन फिलहाल पहली जरूरत है उन तत्वों पर अंकुश लगाने की, जो भारत में रहते हुए यहां का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। सही बात तो यह है कि अमृतपाल और उसके समर्थकों का पिछले कुछ समय का रवैया बताता है कि वे सारी हदें पार करते जा रहे हैं। हथियारबंद समर्थकों के साथ चलना, खुलेआम खालिस्तान की बात करना, अपने समर्थकों से खुद को भिंडरांवाले-2.0 कहलवाना- ऐसी हरकतों से साफ है कि इस देश की कानून-व्यवस्था के लिए उसके मन में कोई सम्मान नहीं रह गया है। खास तौर पर अमृतसर के अजनाला में पिछले महीने हुई घटना ने तो बची-खुची कसर भी पूरी कर दी।

वहां जिस तरह पवित्र ग्रंथ का इस्तेमाल करते हुए हथियारबंद भीड़ पुलिस थाने में घुस गई और लगभग जबरन अपने लोगों को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया, वह इस बात का साफ सबूत था कि पंजाब में हालात बेकाबू होने की ओर बढ़ रहे हैं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के लिए यह स्थापित करना अनिवार्य था कि राज्य में कोई भी ऐसे कानून हाथ में

लेने की कोशिश करके खुला घूमता नहीं रह सकता। सच है कि पुलिस ने तत्काल एक्शन नहीं लिया। लेकिन यह बात भी सही है कि आधी अधूरी कार्रवाई से सही संदेश नहीं जाता। अच्छा है कि पुलिस ने सुनियोजित ढंग से, पूरी तैयारी के बाद कदम उठाया है। लेकिन अब इसे अधूरा न छोड़ा जाए। यह देखना भी जरूरी है कि विदेशों से इन तत्वों को इतनी ताकत क्यों और कैसे मिलने लगती है। भले वक्त लगे, लेकिन इस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाए।

यहां मामला किसी धर्म का नहीं, फिर से पंजाब को उग्रवाद की आग में झोंकने का अधिक है। अराजकता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती, चाहे वह किसी भी धर्म या पंथ के लोग हों। पहले पंजाब के युवाओं को नशे में झोंक दिया गया था, बमुश्किल हालात पर काबू पाया जा सका। हालांकि अभी भी मादक पदार्थों की तस्करी और नशे पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगाई जा सकी है, लेकिन कुछ हद तक नियंत्रण किया गया है। पंजाब को वापस विकास और शांति के मार्ग पर लाने के लिए सरकार को हर कदम उठाना चाहिए, कितना ही कठोर क्यों न हो।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# कमलनाथ की ताली बजाऊ घोषणाएं

**सुरेश तिवारी**

विधानसभा चुनाव को अब ज्यादा दिन नहीं



बचे। यही कारण है कि इन दिनों कांग्रेस और भाजपा दोनों के ही बड़े नेता घोषणाएं करने में एक दूसरे को मात देने की कोशिश में लगे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों कई घोषणाएं की, उनमें सबसे बड़ी घोषणा थी 'लाडली बहना योजना'। इस योजना का राजनीतिक असर क्या होगा अभी इसे कसौटी पर नहीं कसा गया है। लेकिन, कांग्रेस को इसका खतरा नजर आने लगा। यही कारण है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने उस योजना का तोड़ करते हुए कहा कि हम सत्ता में आए तो बहनों को 1500 रुपए महीना देंगे। यह आंकड़ा इसलिए उछाला गया कि शिवराज सरकार ने 'लाडली बहना योजना' के तहत 1000 रुपए देने की बात कही है। कमलनाथ ने उसमें 500 रुपए और जोड़ दिए।

इसके अलावा कमलनाथ ने एक घोषणा यह भी की कि यदि सत्ता में आए तो रसोई गैस का सिलिंडर 500 रुपए में उपलब्ध कराएंगे। वास्तव में तो यह उनकी ताली बजाओ घोषणा से ज्यादा कुछ नहीं है। क्योंकि, रसोई गैस के सिलेंडर की कीमतों पर राज्य सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता और न उसे लेकर कोई घोषणा की जा सकती है। लेकिन, कमलनाथ भी घोषणा करने में पीछे नहीं रहे और उन्होंने तो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत भी बता दी। इस घोषणा ने थोड़ी देर के लिए लोगों से ताली बजवा दी और जो सोशल मीडिया की सुर्खियां जरूर बन गई।

**महू मामले पर उषा ठाकुर की खामोशी का मतलब?**

महू में चार दिन पहले आदिवासियों के साथ जो घटना हुई, उसे लेकर जमकर राजनीति हो रही है। एक आदिवासी लड़की की संदिग्ध मौत



के बाद हुए बवाल में एक आदिवासी लड़का पुलिस की गोली से मारा गया। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने इसे लेकर अपने-अपने स्तर पर राजनीति की। भाजपा ने जहां इस मामले को राजनीति से दूर रखकर पूरी तरह प्रशासनिक मामला बनाया, वहीं कांग्रेस ने इसे राजनीतिक रंग देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कमलनाथ समेत कई नेताओं ने प्रभावित गांव के दौरे किए। कांग्रेस ने तो आदिवासी विधायकों का एक जांच दल भी बनाया, जिसने स्थल का दौरा कर पूरे मामले की रिपोर्ट कमलनाथ को सौंपी।

इसमें सबसे आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय विधायक और मंत्री उषा ठाकुर कहीं नजर नहीं आई। वे पीड़ितों के यहां मातमपुर्सी करने तो गईं, पर उनका कोई बयान सामने नहीं आया। इसी तरह घटनास्थल के आसपास के गांव की निवासी व राज्यसभा सदस्य और प्रदेश बीजेपी संगठन की एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी कविता पाटीदार भी पूरे मामले पर खामोश रही। यह आश्चर्य की बात है कि हर मामले में बयानबाजी करने वाली उषा ठाकुर इस मामले में इतनी खामोश क्यों रही? कहा जाता है कि भाजपा ने ही उन्हें चुप रहने को कहा था! क्योंकि, पार्टी को डर था कि उनकी बयानबाजी से मामला उलझ न जाए?

**इंदौर को रास क्यों नहीं आ रहा महापौर के कामकाज का तरीका**



इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कामकाज का तरीका कई महीने बीत जाने के बाद भी लोगों को समझ नहीं आ रहा। लोगों को इस बात की भी शिकायत है, कि वे इंदौर के महापौर हैं या फिर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के! क्योंकि, उनकी सारी गतिविधियां उसी एरिया में दिखाई देती है, जहां वे रहते हैं। कुछ लोग तो उन्हें फूटी कोठी से महू नाका तक का महापौर कहते हैं। कहा जाता है कि भविष्य की रणनीति के तहत वे अपने एरिया में ही ज्यादा सक्रिय हैं। लेकिन, ये रणनीति क्या है इसका खुलासा तो अभी नहीं हुआ, पर समझा जा सकता है कि वे महापौर से आगे का कुछ सोच रहे हैं।

खबरें तो यहां तक है इतने महीनों बाद भी महापौर और नगर निगम के अफसरों के बीच अपनी पकड़ नहीं बना पाए। नगर निगम में कोई अफसर उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता है। अब इसके पीछे क्या कारण है यह समझा जा सकता है। उसके पीछे कोई भी कारण ढूंढने जाएं, लेकिन सबसे बड़ा कारण राजनीतिक गुटबाजी ही कही जाएगी। ऐसे में महापौर अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जानकारों का मानना है कि राजनीति की पूरी समझ न होने के कारण उन्हें पता नहीं चल रहा कि भविष्य में इसका असर कैसा और क्या होगा?

**सरकार की प्रतिबद्धता और महिला आईएएस की परेशानी**

भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी पल्लवी जैन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाना चाहती है पर सरकार उनको





फिलहाल दिल्ली भेजने में इंटरेस्टेड नहीं है। दरअसल जिस विभाग का काम वे पिछले दो-तीन वर्षों से संभाल रही है वह विभाग वर्तमान में और खास तौर पर इस चुनावी साल में सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पल्लवी आदिम जाति कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप पल्लवी ने आदिवासी विकास की योजनाओं को जिस प्रकार लागू किया है उससे सरकार बहुत खुश है।

पर उनका यही अच्छा काम उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है। उनके पति मनोज गोविल 1991 बैच के आईएएस है। वे मध्य प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव वित्त थे और पिछले साल अक्टूबर में ही केंद्र में कॉरपोरेट अफेयर्स विभाग में सचिव बनाए गए हैं। पल्लवी का केंद्र में एडिशनल सेक्रेटरी के रूप में एंपैनलमेंट भी हो चुका है और वे जल्द से जल्द दिल्ली जाना चाहती है लेकिन, वे सिर्फ इसलिए भोपाल से दिल्ली नहीं जा पा रहीं कि सरकार फिलहाल उनको छोड़ने के मूड में नहीं है। कहा जा सकता है कि काम के प्रति इस महिला आईएएस की प्रतिबद्धता और बेहतरीन आउटपुट उनके दिल्ली जाने में आड़े आ रहा है।

**इंदौर और भोपाल के सीपी को लेकर मीडियावाला का सही अनुमान**

लंबे इंतजार के बाद पिछले दिनों पुलिस के दर्जनभर बड़े अफसरों की ट्रांसफर लिस्ट बाहर





आ गई। दो पुलिस कमिश्नर समेत 12 बड़े पुलिस अफसरों को इधर-उधर कर दिया गया। इनमें सबसे उल्लेखनीय घटना थी इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नरों को आपस में बदल दिया जाना। अब इंदौर के कमिश्नर को भोपाल और भोपाल के कमिश्नर को इंदौर का चार्ज दिया गया है। तब कहा गया था कि विधानसभ सत्र में सामान्यत: वरिष्ठ अधिकारियों के ट्रांसफर आदेश नहीं निकलते, पर हमने इसी कॉलम में कहा था कि विधानसभा सत्र के दौरान आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश निकलेंगे।

'मीडियावाला' के इसी कॉलम में दो सप्ताह पहले इस बात के संकेत भी दिए थे कि इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नरों की अदला बदली हो सकती है। वही हुआ भी सही और अब इंतजार है एक और बड़ी लिस्ट का जिसमें कोई दो दर्जन जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले जाएंगे। अब इंतजार है उसी लिस्ट का।

**निरस्त की जा सकती है राहुल गांधी की सदस्यता**

राजधानी दिल्ली में बीता सप्ताह राजनीतिक गतिविधियों से भरा रहा। गतिरोध के कारण



संसद दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार बाधित रही। मुद्दा था कांग्रेस नेता राहुल गांधी का लंदन में भारत के प्रजातंत्र के बारे में दिया गया बयान। जानकारों का कहना है कि अगर मामला न सुलझा तो आने वाले दिनों में भी संसद की कार्यवाही चलती नहीं दिखती।

राहुल गांधी के बयान और अडानी मुद्दे को लेकर भाजपा और कांग्रेस आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। भाजपा इसे देश की प्रतिष्ठा से जुडा मामला मानतीं। इस मुद्दे पर राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त की जा सकती है। अगर ऐसा होता है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल में ऐसा कदम उठाया जा चुका है।

**केंद्र में सचिव बनने की प्रतीक्षा में बैठे कई आईएएस**

अब बात केंद्र में ब्यूरोक्रेसी की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 और 1990 बैच के एंपैनल्ड कई आईएएस अधिकारी केंद्र में सचिव बनने की प्रतीक्षा में बैठे हैं।। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका इंतजार फिलहाल जल्दी खत्म होता नहीं लगता। संसद सत्र के समाप्त होने के बाद ही इन प्रतीक्षारत अधिकारियों की किस्मत का पिटारा खुल सकता है।

**थाऊसेन फिलहाल बीएसएफ के महानिदेशक भी बने रहेंगे**

भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के मध्य प्रदेश काडर के आईपीएस अधिकारी एस एन थाऊसेन फिलहाल बीएसएफ के महानिदेशक बने रहेंगे। वे



सीआरपीएफ के भी महानिदेशक है लेकिन इस वर्ष जनवरी से उनके पास बीएसएफ के डीजी का भी अतिरिक्त चार्ज भी है। हालांकि गलियारों में इस बात की चर्चा जरुर है कि आईपीएस अधिकारियों की उपलब्धता के बावजूद डीजी का पद इतने दिनों से खाली क्यों है और इस महत्वपूर्ण पद का अतिरिक्त प्रभार क्यों दे रखा है?

# राज-काज: जनाब! इसे लाशों पर राजनीति करना नहीं कहते

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

प्रदेश का महू कांड इस समय गरमाया हुआ है। इसमें पहले एक आदिवासी महिला की मौत



हुई। इसके बाद उग्र भीड़ पर पुलिस फायरिंग से एक आदिवासी युवक की मौत हो गई। इसे लेकर कांग्रेस राज्य सरकार पर हमलावर है। शुक्रवार को उसने इतना हंगामा किया कि विधानसभा की कार्रवाई नहीं चल सकी। कांग्रेस गुस्सा इस बात पर है कि मृत महिला के परिजनों और मृतक आदिवासी युवक के खिलाफ ही प्रकरण दर्ज हो गया।

जबकि सरकार ने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद भी की है। कांग्रेस ने हंगामा किया ही, कांग्रेस की महिला विधायक विजयलक्ष्मी साधौ सदन के अंदर रोने लगी। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा आदिवासी वर्ग की दुश्मन बनी हुई है। पीड़ितों को न्याय देने की बजाय उन पर ही प्रकरण लादे जा रहे हैं। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस लाशों पर राजनीति कर रही है। एक आदिवासी महिला की मौत के बाद पुलिस फायरिंग में एक आदिवासी युवक की भी मौत हो गई। ऐसे में भी यदि विपक्ष राजनीति नहीं करेगा, तब तो उसे किसी मंदिर में बैठकर झांझ, मंजीरे बजाना चाहिए। जनाब! इसे लाशों पर राजनीति नहीं कहते, यह तात्कालिक गंभीर घटना पर किसी भी दल की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। भाजपा विपक्ष में होती तो इससे ज्यादा हंगामा करती।

**राहुल के खास फिर भी पार्टी ने मझदार में छोड़ा**

कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के साथ जो हुआ, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। उन्हें विधानसभा में पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, बावजूद इसके सदन चल रहा है और जीतू पटवारी घर बठे हैं। बजट सत्र के पहले



चरण में विवाद पर ऐसा लगा था कि यदि पटवारी का निलंबन वापस न हुआ तो कांग्रेस सदन नहीं चलने देगी। आनन-फानन विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी गई थी। सत्तापक्ष ने भी सज्जन सिंह वर्मा और विजयलक्ष्मी साधौ के खिलाफ नोटिस दे दिया था।

लेकिन बजट सत्र के दूसरे चरण में नजारा ही अलग था। स्पीकर, वर्मा, साधौ के मामले ठंडे बस्ते में, लेकिन जीतू का निलंबन यथावत। सदन भी शांति से चल रहा है। अर्थात जीतू मझदार में। उनके समर्थक कह रहे हैं कि लगता है उन्हें राहुल गांधी के कैम्प का होने की सजा मिल रही है। उनका राहुल गांधी से बार-बार मिलना कुछ नेताओं को खटकता है। वजह कुछ भी हो लेकिन यह ताज्जुब वाली बात तो है कि कांग्रेस का तेजतर्रार विधायक सदन से निलंबित है और कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। एक पदाधिकारी का कहना था कि कांग्रेस में जो भी कमलनाथ से पंगा लेता है, उसका यही हश्र होता है। अजय सिंह, अरुण यादव, मानक अग्रवाल के बाद जीतू इसके अगले उदाहरण हैं।

**हैसियत से कुछ ज्यादा नहीं बोल रहीं रामबाई**

बसपा से पहली बार बनी विधायक राम बाई



फिर चर्चा में हैं। प्रारंभ में कमलनाथ सरकार बनी तो समर्थन की मजबूरी से इन्हें हैसियत से ज्यादा तवज्जो मिली और जब भाजपा सरकार आई तब भी भाजपा ने उन्हें सिर आंखों बैठाए रखा। कांग्रेस के समय वे हेलीकाप्टर से पथरिया जाती थीं और भाजपा के समय भूपेंद्र सिंह, नरोत्तम मिश्रा जैसे कद्दावर मंत्री इन्हें तवज्जो देते थे। रामबाई ने कांग्रेस सरकार में भी मंत्री बनने दबाव बनाए रखा और भाजपा सरकार बनने के बाद थी। उप चुनावों के बाद जैसे ही भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला, रामबाई जमीन पर आ गईं। उन्हें भाव देना बंद कर दिया गया।

एक समय ऐसा भी आया, जब मायावती ने उन्हें पार्टी से ही निलंबित कर दिया था। बहरहाल, वे फिर बसपा में हैं और लगता है अब वे हैसियत से ज्यादा बोल रही हैं। ग्वालियर में जाकर उन्होंने घोषणा कर दी है कि बसपा प्रदेश की ज्यादा से ज्यादा विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और 100 में जीत दर्ज करेगी। इतना ही नहीं उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया के दलबदल पर सवाल उठाए तो लोग उन पर ही हंसने लगे क्योंकि सभी ने देखा कि वे किस तरह कांग्रेस और भाजपा से सौदेबाजी कर रही थीं। वैसे भी सिंधिया के साथ तो 6 केबिनेट मंत्री और डेढ़ दर्जन से ज्यादा विधायक पार्टी छोड़ गए थे, रामबाई के साथ कौन जाएगा?

**रावण' से भाजपा-कांग्रेस की पेशानी पर बल**

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने रावण से टेलीफोन पर बात होने की जानकारी दी थी। उनकी बात में कितनी सच्चाई है पंडित जी ही जाने, लेकिन एक दूसरा रावण उन्हें चुनौती देने शुक्रवार को छतरपुर जा धमका। रावण यानि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद। शास्त्री का पिछड़े वर्ग के नेताओं प्रीतम लोधी एवं आरडी प्रजापति के साथ पंगा चल रहा है। लोधी पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के रिश्तेदार हैं और प्रजापति खुद भाजपा विधायक रहे हैं। अब उनका बेटा भाजपा से विधायक है। लोधी और प्रजापति ने शास्त्री पर कुछ आरोप लगाए थे, जवाब में पंडित जी ने कहा था कि वे इन्हें मसल देंगे।

शास्त्री के भाई शालिगराम ने दलित परिवार की शादी में हंगामा किया था, तब भी रावण पहुंचे थे और दलित परिवार के साथ खड़े होने का एलान किया था। इस बार उन्होंने कहा कि वे प्रजापति के साथ हैं, जो उन्हें आंख दिखाएगा, उसका इलाज कर दिया जाएगा। रावण ने सीधे कथावाचकों को चेतावनी दी। रावण ने छतरपुर में शक्ति प्रदर्शन कर ताकत भी दिखाई। रावण बसपा का वोट बैंक अपनी ओर खींचने की कोशिश में हैं। लोधी के बाद प्रजापति और अब रावण, ऐसा लगा रहा है कि कथावाचक बनाम दलित-पिछड़ा वर्ग का माहौल बन रहा है। रावण की ऐसी एंट्री से भाजपा और कांग्रेस की पेशानी पर बल पड़ने लगे हैं।

**केके के घर चोरी या वारदात साजिश का हिस्सा?**

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके



मिश्रा के घर चोरी सुर्खियों में है। इसे लेकर तरह-तरह की अटकलों का दौर जारी है। चोरी दिनदहाड़े हुई है, इसलिए भी इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। केके मिश्रा खुद इसे चोरी कम, साजिश ज्यादा मानते हैं। उनका कहना है कि चोरी में जो फाइल गई है, वह स्वास्थ्य विभाग के बड़े घोटाले से जुड़ी है। इसे लेकर वे खुलासा करने वाले थे। उनके अनुसार इससे सीएस के एक दावेदार आला अफसर की राह में रोड़ा आ सकता था।

मिश्रा का यह भी कहना है कि पिछले दिनों उनकी सुरक्षा हटा ली गई थी और अब उनका लायसेंसी रिवाल्वर भी चला गया। अब वे निहत्थे हैं। यह भी एक साजिश हो सकती है। उनका कहना है कि रुपए और रिवाल्वर का ले जाना तो समझ आता है लेकिन कागजों वाली फाइल चोर क्यों ले जाएगा? चोर को फाइल से क्या लेना-देना? इसके विपरीत घर में रखे कई कीमती सामान को चोर ने हाथ तक नहीं लगाया। घर में क्या-क्या था, मिश्रा के पास उसकी पूरी सूची है। इसीलिए घटना को वे साजिश की नजर से देखते हैं। मिश्रा की गिनती कांग्रेस के तेजतर्रार प्रवक्ताओं में होती है। वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को तो घेरते ही हैं, सिंधिया के गढ़ ग्वालियर में जाकर उन्हें चुनौती देने का माद्दा भी रखते हैं। फिर भी चोरी को सिरे से नकार देना भी जल्दबाजी है।

# राहु से बाधित राहुल हो रहे नि-र्ममता का शिकार!

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

कुंडली में राहु दोष होने से हर एक काम बिगड़ जाता है। कुंडली में बैठकर राहु प्रगति की राह में रुकावट डालता है। इस छाया ग्रह के कारण जीवन में कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कुंडली में राहु की बात तो अलग है, पर यहां तो 'राहुल' के नाम को ही राहु ने जकड़ रखा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राहुल गांधी पर निर्ममता से किए गए बयानी हमले के बाद हमारे मन में कुछ ऐसी सोच घर कर रही थी। तब हमने एक जगह राहुल गांधी की कुंडली का विश्लेषण देखा तो पता चला कि वास्तव में राहुल की राह में राहु ही रोड़े अटका रहा है। राहुल गांधी की कुंडली के ज्योतिषीय विश्लेषण में लिखा था कि इनकी कुंडली में ग्रहों की स्थिति बताती है कि देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच पाना इनके लिए बेहद कठिन है। इनकी कुंडली से वर्तमान स्थिति की बात करें तो दिसंबर 2021 से मई 2024 तक इनकी कुंडली में राहु में गुरु दशा चल रही है जो ठीक नहीं है। इस दशा के कारण यह अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे और कई बार गलत निर्णय लेकर अपना नुकसान करेंगे। इसमें 15 अक्टूबर से सूर्य जब तुला में आएंगे और केतु के साथ जुड़ जाएंगे तब इनकी परेशानी और भी बढ़ेगी। 2024 में भी जब लोकसभा चुनाव होगा तब भी राहुल गांधी राहु में गुरु की दशा में चल रहे होंगे जिससे 2024 में भी इनकी पार्टी को बहुत लाभ नहीं मिलेगा। इनकी कुंडली में चंद्रमा केमद्रुम योग में फंसा हुआ है। इस योग के कारण संभव है कि यह कई बार दूसरों पर निर्भर रह जाते हैं और अपनी दूरदर्शिता का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं जिससे इनको नुकसान होता है। और जब सामने राहुल गांधी का चेहरा नजर आता है तो कुंडली का यह आकलन सत्य नजर आता है।

यह सब सोचने के पीछे मूल बात यही है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं। तृण मूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा है कि राहुल गांधी विपक्ष के लीडर बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई नहीं हरा सकता। पीएम मोदी के लिए राहुल गांधी टीआरपी की तरह हैं। इससे पहले टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव में जाएगी। उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई सभी साथ हैं और हमें हराने के लिए एक हुए हैं। अब जब काम ऐसे होंगे तो ममता बनर्जी का निर्ममता पूर्वक गुस्सा होना लाजिमी है। और तकरार की कितनी भी लंबी कहानी हो, फिर भी संयुक्त विपक्ष के साथ आगे बढ़ने में कुछ समझौते तो करना ही पड़ते हैं। यह बात तो अलग है, पर राहुल बाबा तो ममता के भतीजे से ही उलझ गए। शायद राहुल गांधी पुरानी बातें याद नहीं रखते। उन्हें पता होना चाहिए कि एक समय अटल बिहारी वाजपेई सरकार का जयललिता ने मान-मनौव्वल करने पर भी साथ नहीं दिया था। तब फिर ममता को नाराज कर उनका साथ हासिल करने की राहुल गांधी की बिसात ही क्या है?

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। कांग्रेस द्वारा आयोजित किसी कार्यक्रम में टीएमसी के नेताओं ने हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस समेत कई अन्य विपक्षी दलों द्वारा ईडी ऑफिस का घेराव किया लेकिन टीएमसी ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर ईडी की कार्रवाई को लेकर आठ विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था, इसमें भी टीएमसी ने लेटर पर साइन नहीं किए थे। अब ममता और अखिलेश यादव के बीच खिचड़ी पक रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी से मुलाकात की और साथ चुनाव लड़ने का ऐलान किया। हालांकि, इस पर टीएमसी की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। अखिलेश यादव का मानना है कि क्षेत्रीय दलों के सहयोग से ही अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया जा सकता है। पर यह क्षेत्रीय दलों के सहयोग के लिए क्या राहुल बाबा समझौते करने को तैयार हैं? शायद जवाब मिलेगा कि कतई नहीं।

अब सवाल यही उठ रहा है कि राहु के प्रकोप से क्या भारत कांग्रेस मुक्त होकर ही रहेगा? क्योंकि कांग्रेस यानि राहुल गांधी। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की मेहनत पर ममता ने वास्तव में एक बयान देकर निर्ममता से पानी फेर दिया है। वैसे कुंडली में राहु दोष हो या कोई और,? सभी का उपाय है। पर शायद राहुल बाबा का कहो कुंडली पर ही भरोसा न हो? ऐसे में यही माना जा सकता है कि राहु फिलहाल राहुल के राजनैतिक कैरियर में रोड़ा बना हुआ है और राहुल गांधी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राह में किसी भी सूरत में रोड़ा नहीं बन सकते। बात बस इतनी सी ही है कि राहु से बाधित राहुल इसीलिए नि-र्ममता का शिकार होने को मजबूर हैं!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम, लोगों ने दिए सुझाव

शिवपुरी - मप्र में स्वच्छता के मामले में प्रदेश के सबसे गंदे शहर की सूची मे 2 दूसरे नंबर पर खड़े शहर को स्वच्छ बनाने की कवायद के लिए जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन ने प्रयास शुरू किए है। इसे लेकर रविवार को मानस भवन में स्वच्छता संवाद रखा गया। इसमें शहर के विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लिए गए। स्वच्छता को लेकर जब संवाद शुरू हुआ तो कई तरह के सुझाव सामने आए। सबसे पहले देश के स्वच्छ शहर इंदौर का उदाहरण दिया गया। कई लोगों ने बताया किस तरह वहां पर लोगों में जागरूकता है और किस तरह तरह वहां का नगर निगम स्वच्छता के लिए प्रयास करता है। पार्षदों के साथ नगर पालिका से जुड़े लोगों ने शहर में संसाधन की कमी बताई। लोगों ने स्वीपिंग मशीन मंगाने का सुझाव भी रखा। संवाद के दौरान कलेक्टर आरके चौधरी ने दो अहम निर्णय मौके पर ही लिए। उन्होने पशुपालकों और कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाने की बात कही है। दुकानदारों को सात दिन का समय दिया गया है। सात दिन पहले मुनादी कराकर उन्हें दुकान के बाद डस्टबिन रखने का समय दिया जाएगा। इसके बाद किसी दुकान के बाहर गंदगी मिली तो 500 रुपये का जुर्माना किया जाएगा। वहीं आवाश पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखा जाएगा। यदि पशुपालक को अपना पशु वापस लेना है तो फिर उसे एक हजार रुपये का जुर्माना चुकाना होगा। यह जुर्माना एसडीएम वसूल करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, सीएमओ डा. केशव सिंह सगर एवं पार्षदगण मौजूद रहे।

## प्रताप नगर अंडर ब्रिज की स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने जताया विधायक का आभार

रतलाम। प्रताप नगर अंडर ब्रिज की स्वीकृति मिलने से प्रसन्न क्षेत्रवासियों ने रविवार को विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर उनका स्वागत कर आभार जताया। बीते कई वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी, जो कि विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से अब पूरी हो गई है। अंडर ब्रिज के लिए तीन करोड़ रूपए की राशि भी प्रदेश के बजट में स्वीकृत हो चुकी है। प्रताप नगर में अंडर ब्रिज की स्वीकृति की जानकारी मिलने पर प्रताप नगर, मंगलम सिटी, मिड टाउन, साईनाथ कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र के रहवासी भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा और पार्षद परमानंद योगी के साथ विधायक श्री काश्यप से मिलने पहुंचे और विधायक के प्रयासों से उनकी मांग पूरी होने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर पोरवाल एवं मंडल महामंत्री राकेश परमार भी उपस्थित रहे।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि ओवर ब्रिज पर बड़े हादसे हुए है, जिनसे मन व्यथित था। क्षेत्रवासी भी लंबे समय से अंडर ब्रिज की मांग कर रहे थे लेकिन यहां ओवर ब्रिज होने से रेलवे की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही थी लेकिन हादसों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर से चर्चा कर कमेटी बनाकर उसकी रिपोर्ट के आधार पर अंडर ब्रिज को स्वीकृत कराया गया है। रेलवे से चर्चा कर ढाई मीटर हाईट के अंडर ब्रिज की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।

## महेश को मप्र भ्रष्टाचार निरोधक सेल जबलपुर संभाग के कार्यकारी अध्यक्ष बने



सिवनी– देशहित के प्रति समर्पित भावना एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान को देखते हुए हिन्द सेना समाज सेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय मंत्रालय भारत सरकार मंगेश वैद्य ने राष्ट्रीय प्रतिनिधि डॉ मनोज कुमार बात्री की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के महेश चौरसिया को मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक सेल जबलपुर संभाग कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है ढ्रश्री वैद्य ने नवनियुक्त मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक सेल जबलपुर संभाग कार्यकारी अध्यक्ष महेश चौरसिया को देशहित में समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रसर रहने के निर्देश दिए। नवनियुक्त मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक सेल जबलपुर संभाग कार्यकारी अध्यक्ष ने नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश वैद्य एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधि डॉ मनोज कुमार बात्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्द सेना सामाजिक क्रांति की मशाल से सम्पूर्ण देश में व्याप्त धर्मांधता,क्षेत्रीयता,जातीयता एवं भ्रष्टाचार की जंजीरो को तोड़कर मानव एकता की मिसाल कायम कर देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कटिबद्ध रहेंगे एवं शीघ्र आगामी माह में प्रदेश के समस्त जिलों का दौरा कर देश हित में एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ऊर्जावान नेतृत्वकर्ताओं को अपनी कार्यकारिणी में विशेष प्राथमिकता देंगे।

## समग्र ई-केवायसी शिविरों में लापरवाही पर नोटिस जारी

छतरपुर,। छतरपुर जिले में लाड़ली बहना योजना के बेहतर क्रियांवयन के लिए जिले भर में समग्र ई-केवायसी शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। साथ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग कि जा रही है। इसीक्रम में कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में रविवार को समग्र ई-केवायसी प्रगति के लिए मेगा शिवरों का आयोजन किया गया है। जिसमें समग्र ई-केवायसी शिविरों में लापरवाही बरतने और प्रगति कम होने पर कलेक्टर श्री जीआर ने नगरीय निकाय बारीगढ़ सीएमओ महेश प्रसाद नापित, बक्स्वाहा श्यामसुन्दर तिवारी, लवकुशनगर एवं प्रभारी चंदला मिथलेश द्विवेदी, गढ़ीमलहरा विवेक नारायण मिश्रा, नौगांव सुश्री नीतू सिंह एवं हरपालपुर सीएमओ प्रताप सिंह सेंगर सहित 7 सीएमओ एवं नौगांव जनपद सीईओ भागीरथ तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर 2 दिवस में समक्ष में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। संबंधित का कृत्य कर्तव्य में लापरवाही एवं उदासीनता का है एवं म.प्र. सिविल सेवा सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लघंन है। समाधानकारक उत्तर नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## नर्मदा अस्पताल में हर माह के दूसरे रविवार को लगेगा निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर

छतरपुर। वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सहयोग से शहर के नर्मदा अपना अस्पताल में हर माह के दूसरे रविवार को निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों का मरीजों को निश्शुल्क परामर्श और उपचार मिलेगा साथ ही दवाओं में 20 फीसदी की छूट प्रदान की जाएगी। घोषणा वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर अशोक दीक्षित ने नर्मदा अपना अस्पताल में 19 मार्च को आहुत निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर में की है। रविवार 19 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित निश्शुल्क सुपर स्पेशलिटी शिविर में लगभग 150 मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया।



तह शील छतरपुर में जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले प्रभारी तहसीलदार सुनील वर्मा के भ्रष्टाचार अनियमितताओं के विरुद्ध दिनांक 13 .3.23 से 26.3.23 तक हड़ताल पर है प्रशासन को अधिवक्ता संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन के परिपेक्ष में अमर कलेक्टर छतरपुर को तहसील की जांच करने हेतु अधिकृत किया गया था प्रशासन द्वारा प्रभारी तहसीलदार सुनील वर्मा के कृतियों की जांच नहीं की गई अधिवक्ता लगाता अच्छे दिन से हड़ताल पर हैं प्रशासन मोन हैं

# व्यापारी संगठनों को निजी नहीं संगठन का एजेंडा आगे बढ़ाना चाहिए : विधायक डॉ. शर्मा

## चोरी लूट आदि रोकना जनप्रतिनिधियों की नहीं पुलिस की जिम्मेदारी: मानक अग्रवाल

इटारसी। शहर के व्यापारी संगठन पर दोनों विशेष पार्टी के नेता एक मंच पर दिखें यहां विधायक शर्मा ने कहा कि व्यापारी संगठन तभी सफल हो सकता है जब वह सभी व्यापारियों की समस्याओं से मिलकर बने संगठन के एजेंडे को आगे बढ़ाया जाए न कि किसी निजी एजेंडे को। व्यापारी चाहे वह किसी भी राजनीतिक विचारधारा का हो उसे संगठन में राजनीति नहीं करनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखते हुए साथ रखते हुए व्यापारिक समस्याओं का समाधान कराना चाहिए। जब ऐसा नहीं होता तभी विरोध के स्वर मुखरित होते हैं,अलग संगठन बनते हैं। मैं इस नए बने महा संगठन के सभी पदाधिकारियों से निवेदन करता हूं कि वे उन गलतियों को न करें , जो पुराने संगठन ने की हैं। मैं नपा परिषद,नगर प्रशासन की तरफ से आपके महासंगठन की सभी 11 मांगों पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए जल्द इन सभी का समाधान करने का भरोसा आप सबको दिलाता हूं। विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा.सीतासरन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में आज साई कृपा गार्डन में संयुक्त व्यापार महा संगठन के भव्य होली मिलन समारोह में व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मानक अग्रवाल ने कहा कि चोरी,लूट आदि आपराधिक घटनाएं न होने पाएं यह स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी होती है,विधायक या अन्य किसी नेता की नहीं। यदि जिम्मेदार अधिकारी उनको नहीं रोक पा रहे हैं तो उन पर सबको मिलकर दबाव बनाना चाहिए या उनको बदल दिया जाना चाहिए। पूर्व गृह उपमंत्री विजय दुबे ने कहा कि इटारसी में सीमेंट उद्योग के लिए भी काफी संभावनाएं हैं। हमें ऐसे बड़े उद्योग लगाने चाहिए जिनसे अधिकाधिक रोजगार के अवसर बन सके ।अध्यक्षता कर रहे नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी ज्ञापन में वर्णित सभी समस्याओं पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए जल्द उन सभी को अमलीजामा पहनाने का अपना संकल्प व्यक्त किया। नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत,नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल,नगर भाजपा अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण सरंक्षक सतेंद्रपाल सिंह जग्गी ने दिया। संरक्षक विश्वनाथ सिंघल ने नए संगठन के निर्माण पर प्रकाश डाला। संरक्षक चंद्रकांत अग्रवाल ने महा संगठन के ज्ञापन का पठन कर हर समस्या को विस्तार से रखा जो निम्नानुसार थीं। 1. शहर के व्यापारियों को चोरों एवं असामाजिक तत्वों से सुरक्षा प्रदान कराने हेतु सम्पूर्ण बाजार क्षेत्र साथ ही प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे जल्द से जल्द लगवाने। 2. बाजार क्षेत्र के भीड़भाड़ व व्यस्ततम चौक चौराहों पर असामाजिक तत्वों की हरकतों पर निगाह रखने के लिए नियमित पुलिस गश्त लगवाने एवं बाजार क्षेत्र की ध्वस्त पार्किंग व्यवस्था को



सुचारू करवाने।3. शहर के बाजार में किसानों की ग्राहकी दिनोंदिन घटती जा रही है, जिसकी प्रमुख वजह कृषि उपज मंडी इटारसी में 2 लाख तक का नगद भुगतान किसानों को नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते किसान खाली ट्रैक्टर-ट्राली लेकर वापस चले जाते हैं और अन्य स्थानों पर खरीदारी करते हैं। 4. शहर के मध्य बीच सड़कों पर खड़े होकर फल-सब्जी का व्यापार करने वाले हठधर्मी ठेला व्यापारियों द्वारा द्विभाषायी शब्द बोलकर बदतमीजी की जा रही है एवं अव्यवस्था फैलाई जा रही है।

5. शहर की सभी कच्ची दुकानों को पक्की करने हेतु एक साथ अनुमति प्रदान करें एवं नगर पालिका परिषद द्वारा जर्जर दुकानों की मरम्मत करने की अनुमति तत्काल प्रदान की जाए। दुकानों की नामांतरण प्रक्रिया को सरल किया जाए। 6. नगर पालिका की दुकानों की खरीदी-बिक्री पर पूर्वानुसार नामांतरण ही किया जाए, रजिस्ट्री न करवाई जाए। क्योंकि इसमें व्यापारियों पर रजिस्ट्री शुल्क का अतिरिक्त भार पड़ता है। 7. पुरानी इटारसी, सूरजगंज, मालवीयगंज, गांधी स्टेडियम रोड पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए। साथ ही गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न लगभग आधा दर्जन स्थानों पर अस्थाई सार्वजनिक प्याऊ खोले जाएं। 8. शहर की सड़कों को दुरुस्त कराया जाए ताकि बाजार आने वाले उपभोक्ताओं को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। 9 पूर्व की तरह जरूरतमंद दुकानदारों को दुकानों के ऊपर ही दुकान निर्माण की अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाए।10. खाद्य विभाग द्वारा सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों को बेवजह परेशान नहीं किया जाए।11. कुछ क्षेत्रों से ट्रैफिक व्यवस्था में आ रही शिकायतों का निराकरण किया जाए। प्रारंभ में अध्यक्ष मुकेश जैन,संयोजक संरक्षक धर्मदास मिहानी,सचिव हरीश अग्रवाल, संरक्षक त्रय सुधीर गोठी,रमेश चांडक,शिवाकांत गुड्डन पांडे,मीडिया प्रभारी संजय शिल्पी,बेनीशंकर शर्मा,संतोष सोनी, संदेश अग्रवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। महासंगठन के विधि सलाहकार अरविंद गोयल, उपाध्यक्ष अर्जुन भोला ने भी अपनी बात रखी। संचालन संगठन मंत्री कैलाश नवलानी ने व आभार गोविंद बांगड़ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक संदेश पुरोहित, बलराम मिहानी, प्रमोद पगारे,कल्पेश अग्रवाल,राजा तिवारी,राजकुमार उपाध्याय केलु, पंकज राठौर,मुकेश गांधी,नीलम प्रवीण गांधी, देवेंद्र पटेल, मनीष ठाकुर आदि नपा के कई पार्षद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। गुलाल तिलक होली भी हुई। जिसमें विधायक ने मंच पर भी सभी अतिथियों को गुलाल तिलक लगाया।

# 42 ग्राम पंचायतों में 175 जोड़ों का सामूहिक विवाह

मंडला आदिवासी बाहुल्य जिले में गरीब निर्धन वर्ग के लोगो के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जारही है जिसके तहत प्रदेश भर में लोगों की शादी कराई जा चुकी है। जिले के बीजाडांडी ब्लॉक मुख्यालय में मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड क्षेत्र की 42 ग्राम पंचायतों से 175 जोड़े शादी करने के लिए बीजाडांडी पहुँचे, उक्त आयोजन के लिए खंड स्तर के अधिकारियों ने पूर्व से तैयारियां पूरी करली थी। नियमानुसार कन्या पक्ष यानी नई नवेली दुलहनों को मंगल भवन में रखा गया और दूल्हा पक्ष के लिए जनपद पंचायत भवन में व्यवस्था की गई। सजने सवरने के बाद दोपहर करीब एक बजे बीआरसी भवन से 175 दूल्हों की एक साथ बैंडबाजों के साथ निकली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शादी स्थल पांडे गार्डन पहुँची पर यहाँ पर पहले से इंतजार कर रहे बधु पक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, पुष्पा सिंह उद्दे, जाकिर हुसैन, रामचंद्र यादव, रामचंद्र यादव, सरपंच डुमारीलाल कुम्हरे, अजीत श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगो ने दूल्हों और बारात का जोरदार स्वागत किया।

### भाजपाइयों ने बधु पक्ष और गोंडवाना ने वर पक्ष की निभाई जिम्मेदारी

सभी को विदित है कि भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में विभिन्न जनकल्याण कारी योजना चला रहे लेकिन उन योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बहुत ही म प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हमेसा पिता की भूमिका में नजर आते है और भावना से भाजपा हर एक कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझतें हुए निभातें है। ऐसा कुछ हमें बीजाडांडी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में देखने को जिला यहाँ पर पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने अन्य नेताओं ने पिता की भूमिका निभाते हुए बेटियों को शुभाशीष दिया। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पुट्टा, उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, बीडीसी राजेंद्र पुट्टा, मदन बरकड़े, रवि नरेरती, समईलाल एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा मरकाम ने वर पक्ष की भूमिका निभाते हुए नई हवेली दुल्हनों को बेटी के रूप में स्वीकार किया।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मानक अग्रवाल पहुंचे रुद्र महायज्ञ परिसर

इटारसी // मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मानक अग्रवाल एक दिवसीय दौरे पर अपने। ग्रह निवास इटारसी पहुंचे। रविवार को वे इटारसी- नर्मदापुरम के मध्य में स्थित साईं कृष्णा रिसोर्ट के नवीन परिसर में पिछले 5 दिनों से चल रहे पंच कुंडीय श्री रूद्र महायज्ञ में पहुंचे एवं यज्ञ में आहुतिया दी। अशोक अग्रवाल ,सत्यम अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल ने अपने पारिवारिक सदस्य मानक अग्रवाल का स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि मानक अग्रवाल इटारसी निवासी हैं एवं स्वर्गीय श्री गोपीचंद जी अग्रवाल के परिवार से बरसो पुराने रिश्ते हैं। सत्यम अग्रवाल के आग्रह पर वे श्री पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ में शामिल होने के लिए आए थे। उन्होंने श्रीमती कावेरी देवी गोपीचंद अग्रवाल से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवाकांत पांडे, मुकेश गांधी, ओम सेन ,भारत भूषण लिटोरिया, एवं कमल जैन विशेष रूप से मौजूद थे । इस अवसर पर नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे से भी मानक अग्रवाल ने चर्चा की।



## सोहागपुर विस प्रत्याशी रहे सतपाल पलिया ने होली मिलन समारोह में पत्रकारों का किया सम्मन

**सोहागपुर।** सतपाल फेंन्स क्लब एवं मित्रमंडली के तत्वावधान में 2018 सोहागपुर विधानसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी रहे सतपाल पलिया ने नगर के प्रसिद्ध सिद्ध महाराज स्थल पर होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में सोहागपुर क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक शामिल हुए । जिसमें वरिष्ठ वकील मंगलसिंह रघुवंशी, वकील कार्तिक शर्मा, वकील प्रान्जल तिवारी, वकील संजय तिवारी रघुवंशीपुरा ,उमेश रघुवंशी, अर्पित तिवारी, दंगलसिंह पटैल ,प्रताप पटैल, सचिन श्रोती, ओ.पी.पटैल,रामनरेश जायसवाल ,पूर्व पार्षद चंद्रकांत चौरसिया, दमनसिंह पटेल ,सुंदरसिंह ,सरपंच आजाद सिंह पटेल करनपुर ,इकबाल खान ,राजा भैया केवलारी, गौरव भावसार ,अभिषेक अग्रवाल ,चुन्नीलाल मुद्गल सहित कई मित्र मंडली के सदस्य उपस्थित थे। होली मिलन समारोह में सिद्ध महराज परिसर में वट वृक्ष के नीचे विराजमान हनुमानजी की मढिया पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। आरती के उपरांत सर्वप्रथम नगर के पत्रकारों का फूल मालाओं ,शाल श्रीफल के साथ स्वागत किया ।बाद में आपने क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत करके सभी उपस्थित जनों पर फूल बरसाए। इसी अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसका आनंद सभी ने लिया ।.इस अवसर पर सतपाल पलिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित हो रहा है। आपने बताया कि मेरे द्वारा सैकड़ों जनताजनार्दन की डीपी की समस्याओं से निजात दिलाई है। लेकिन आपने कहा कि इस कार्यक्रम से चुनाव का कोई संबंध नहीं है। लेकिन जिस तरह से. क्षेत्र के युवा एवं दूरदराज इलकों के. कांग्रेस कांग्रेस जन की उपस्थिति से चुनावी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता उल्लेखनीय है कि 2018 में भाजपा के विजयपालसिंह से मात्र करीबन 11 हजार मतों से पराजित होने के बाद भी आप सोहागपुर विधानसभा से विमुख नहीं हुए। बल्कि उन्होंने पूरी विधानसभा में निरंतर जीवंत संपर्क बनाए रखा है ।प्रतिदिन कहीं न कहीं सालों से ग्रामों में जनसंपर्क करके ग्रामीणों के सुख दुख के भागी रहे हैं।

## दपूरे नागपुर डिविजन की डी.आर.एम. नमिता त्रिपाठी का ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति ने किया स्वागत

**सिवनी—** ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूपसिंह बैस के निर्देशानुसार, ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति सिवनी के अध्यक्ष ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार द्वारा नव पदस्थ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर डिविजन की डी.आर.एम. नमिता त्रिपाठी के प्रथम सिवनी आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा सिवनी से यात्री ट्रेनो का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने एवं स्टेशन निर्माण में हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्य की जांच के संबंध में, केन्द्रीय रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सिवनी ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन के माध्यम से केन्द्रीय रेल मंत्री से मांग की गई है कि सिवनी जिले के नागरिकों की परिवहन सुविधा को ध्यान में रखते हुये सिवनी से यात्री गाडी का संचालन नागपुर, रीवा, मंडला फोर्ट से छिन्दवाडा, सिवनी से इंदौर, दिल्ली, बैतूल, आमला तक प्रारंभ किया जाये। छिन्दवाडा से आमला के मध्य चलने ट्रेन एवं मेमो लोकल ट्रेन सिवनी से होते हुये चलायी जाये तथा सिवनी जिले के नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुये लखनउ, इलाहाबाद, बनारस, कलकत्ता, हैदराबाद, रायपुर, सुरत तक जैसे लम्बी दूरी की यात्री रेलगाडिया सिवनी से होते हुये चलाई जावे। सिवनी, बरघाट, कटंगी तक बहु प्रतिक्षित मांग को देखते हुये प्रस्तावित सर्वे ब्रॉडगेज रेल्वे लाईन का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जावे ताकि सिवनी से बालाघाट, नागपुर जाने हेतु नया आवागमन का साधन मुहैया हो सकेगा। अतः ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति सिवनी द्वारा केन्द्रीय रेल मंत्री माननीय अश्वनी वैषणव से मांग करती है कि सिवनी से यात्री ट्रेनों का परिचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जावे। कार्यक्रम में डॉ. बसंत राय, मोहनसिंह ठाकुर, ध्रुवनारायणसिंह चौधरी, कैलाश अवधिया, नंदलाल यादव, सुजीत गोदरे, संदीप चैहान, एड. फैजल मिर्जा, राकेश अग्रवाल, नितिन बघेले, मुकेश बघेल, विशाल बरमैया, चंदनसिंह खताबिया, नीलेश पालीवाल, श्रीमती दीपमाला बघेल सहित बडी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहें।



## महू कांड के मृतकों के लिए कांग्रेस ने की शोकसभा



छतरपुर। इंदौर के महू में पिछले दिनों हुए जघन्य अपराध में मृतक लड़की और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग करते वक्त पुलिस की गोली लगने से मृत हुए युवक की आत्मा की शांति के लिए रविवार को छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी के निवास खेलग्राम में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित कांग्रेसियों ने दो मिनिट का मौन रखकर कर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से कामना की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल ने बताया कि महू के बडगोदा थाना अंतर्गत डोंगरगांव चौकी क्षेत्र में एक आदिवासी बेटी का बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या की गई। इसके बाद जब आदिवासी समाज के लोग प्रदर्शन कर बेटी के लिए न्याय की मांग रहे थे तभी पुलिस ने उन पर गोलीबारी कर दी और एक अन्य आदिवासी युवक की मौत हो गई। दोनों मृतकों के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने विधायक अलोक चतुर्वेदी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने पहुंचे थे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार को 5-5 लाख की सहायता राशि दी है। लखन पटेल ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर विराम लगाए अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस मौके पर विधायक आलोक चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह, कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष दीपांशु यादव ,दिलीप क्षत्रीय ,डॉ.आर.बी राजपूत ,हाजी शहजाद अली सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## माँ कर्मादेवी जंयती महोत्सव धूमधाम से मनाया ,प्रतिभावान शासकीय सेवक चयन व छात्र-छात्राओं को किया पुरुस्कृत

**विनोद साहू बाड़ी।** प्रतिवर्ष की भाँति इस बार भी नगर साहू समाज समिति ने माँ कर्मा जी की 1006वीं जयंती बहुत ही भव्यता के साथ मनाई ,

शोभायात्रा पुराने बाजार से नगर साहू समाज अध्यक्ष शरद साहू व नगर महिला साहू समाज अध्यक्ष सरीता साहू ( दुल्हन ब्यूटी पार्लर ) के साथ माँ कर्मादेवी की पूजन अर्चना करने के बाद मुख्य मार्ग से निकली इस माँ के अवतरण दिवस पर महिला शक्ति ने चल समारोह में चार चाँद लगा दिए । ढोलबाजों के साथ पाँच अश्वों पर सवार झाँसी की रानियाँ और उनके पीछे माँ कर्मादेवी जी श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाती प्रतिमा और उनके साथ बालिकाएं सर पर कलश व महिलाएं वीरांगनाओं के भेष में सर पर साफा बाँधे हुए चल रही थी और उनके पीछे डीजे के मधुर संगीत पर भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे । इस चल समारोह का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत और माँ कर्मा जी की आरती कर नगर के लोगों ने माँ से भक्ति का आशीर्वाद लिया।

समाजिक संगठनों के साथ ही राजनीतिक लोगों ने भी किया स्वागत । इस भव्य चल समारोह का स्वागत वर्तमान हिउस समिति व पूर्व हिउस के अध्यक्षों के साथ ही राजनेताओं ने शीतल पेयजल शरवत पिलाया और माँ की आरती कर आशीर्वाद लिया। कल महज दस पंद्रह मिनट की बारिश ने जो तबाही मचाई उसका इस चल समारोह पर भी असर पड़ा , चल समारोह मुख्य मार्ग से निकलकर माँ कर्मा मंदिर पर समापन होना लेकिन मंदिर परिसर में पानी और कीचड़ होने से माँ के मंदिर में पूजा कर चल समारोह सीता स्वयंवर मैरिज गार्डन में पहुँचा और बहाँ पर पूरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा ।

**प्रथम बोली 22 ,121हजार की:** इस बार नगर साहू समाज की टीम ने अभिनव पहल करते हुए समाज की बैठक में माँ कर्मादेवी जी की महा आरती के लिए बोली शुरु कर और व्हाट्सएप ग्रुप पर यह बोली पुराने बाजार के गौरीशंकर पिता श्री प्रेम नारायण साहू जी की रही और उन्होंने महा आरती करने का सोभाग्य प्राप्त किया। मंच पर हुआँ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान ।



मंच पर नगर के सभी वर्गो के वरिष्ठ प्रवुद्ध जनों का समिति के सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। और नगर की प्रतिभावाओं की शील्ड शाल श्रीफल व प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें श्रीमति प्रियंका गोविंद साहू उच्य माध्यमिक शिक्षक, कुमारी श्वेता साहू पिता श्री माखनलाल साहू उच्य माध्यमिक शिक्षक मनीष साहू पिताश्रीराम साहू माध्यमिक शिक्षक , श्रीमती अनीता पिता श्री हरिनारायण साहू , माध्यमिक शिक्षिका , कु.रिंकी साहू पिताश्री दुर्गा प्रसाद साहू ,कु. कंचन साहू पिताश्री संतोष साहू को पुलिस आरक्षक बनने पर सम्मानित किया गया व अक्षय साहू पिताश्री नरेन्द्र साहू को भारतीये रेलवे में सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए कालिका ग्रुप ने दी अपनी भजनों की प्रस्तुति। महा आरती पश्चात भोपाल से पधारी कालिका ग्रुप मनोरमा सिंह व उनकी टीम ने मनभावनी भजनों की प्रस्तुति की यह भजनों और बीच बीच में प्रतिभाशाली प्रतिभावाओं का सम्मान भी चलता रहा।

**नगर परिषद अध्यक्ष ने दिया माँ के नाम की सड़क :** कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष ममता धर्मेद्र चौहान ने इस भव्य चल समारोह की प्रशंसा करते हुए समाज से अभिभूत होकर वार्ड क्रमांक 12 में स्तिथ माँ मंदिर के नाम पर सड़क का नाम करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव ब्रजेश साहू ने किया और सभी अतिथियों का आभार साहू समाज अध्यक्ष शरद साहू ने व्यक्त कर सभी का दिल से आभार माना ।



कांग्रेस के कमलनाथ के गढ़ में सत्ता संगठन का चला किसान का ट्रेक्टर। अंत और मुक्त की ओर मध्यप्रदेश का छिंदवाड़ा ! प्रदेश संगठन के सुप्रीमो विष्णु दत्त और शिवराज सरकार में खेती बाड़ी मंत्री कमल पटेल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन गढ़े चलो का नारा।





# लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी ने वर्ल्ड कॉनेक्स 2023 का आयोजन

**भोपाल।** ओलंपिया एक्सीबिशन प्रा. लि. एवं फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वाधान से दिनांक 17 से 19 मार्च 2023 तक लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, खजूरीकलां, भोपाल के ग्राउंड में वर्ल्ड कॉनेक्स 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में भारत की प्रमुख हैवी कन्स्ट्रक्शन मशीनरी के निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा अपनी मशीनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें मुख्य रूप से जीके अर्थमूवर्स एण्ड इक्यूपमेंट क्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. जेआरबी इंजीनियरिंग वर्क्स बिल्डिंग एण्ड कंन्सट्रक्शन अपडेट कॉन्क्रेटेक इक्यूपमेंट नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण हेल्थ एण्ड वेलनेस, एम पॉवर ट्रांसमिशन आर.के. इंटरप्राईज अहमदाबाद एगकॉन इक्यूपमेंट इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड पुट्समिस्टर कॉन्क्रेट मशीन प्रायवेट लिमिटेड कन्सट्रक्शन इक्यूपमेंट रेंटल



एसोसिएशन टेरेक्स इंडिया प्रा. लि. प्रॉपल इंडस्ट्रीज प्रा. लि. केटेरपीलर डायनापेक फयात ग्रुप अपोलो इन्फ्राटेक प्रा. लि. डायमंड क्रशर कोलंबिया मशीन इंजीनियरिंग इंडिया प्रा. लि. वाईब्रेट कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट मैक्समेक इक्यूपमेंट प्रा. लि. जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन आदि है। इस एक्जीबिशन में भोपाल में पहली बार आर्टिफिशियल सेंड (क्रत्रिम रेत) बनाने की मशीन एवं ईवी लोडर का डेमोस्ट्रेशन किया गया।

एक्जीबिशन का उद्घाटन फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी जी ने किया। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि इस एक्जीबिशन से मध्यप्रदेश में हैवी कंस्ट्रक्शन एवं मशीनरी के क्षेत्र में कार्य करने वाली इकाईयों को बहुत लाभ होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भोपाल में इस तरह की एक्जीबिशन पहली बार लगी है। इससे हमें प्रोत्साहन मिलेगा और हम और भी बढ़ चढ़कर इस तरह के कार्यक्रम करेंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में ओलंपिया प्रा. लि. के श्री एस.के.त्रिपाठी जी, लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंर्स एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन श्री ओ.पी. बंसल जी, फेडरेशन के उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्रर पाल सिंह चावला, फेडरेशन के सचिव श्री प्रवीण आचार्य एवं अन्य गणमान्यजन शामिल थे।

# गुजरात तथा तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाएगा सौराष्ट्र तमिल संगमम

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने काशी संगमम की तर्ज पर ही सौराष्ट्र में 17 अप्रैल 2023 से ÷सौराष्ट्र तमिल संगमम ÷ की घोषणा की है। यह कार्यक्रम सौराष्ट्रियन तमिलों के 1,000 साल से अधिक उनके पुराने एमिग्रेशन (उत्प्रवास) एवं योगदान को फिर से खोजने, पुष्टि करने का जश्न मनाएगा। शहर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में, गणमान्य व्यक्तियों ने पार्टिसिपेंट्स के लिए आइकोनिक लोगो, थीम सॉन्ग तथा रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लॉन्च किया। 3,000 से अधिक पार्टिसिपेंट्स के जरिये सौराष्ट्रियन तमिलों के जीवन, इतिहास, कला तथा सौराष्ट्र में उसके आसपास की आर्थिक गतिविधियों के जीवन को लेकर एक झलक पेश की जाएगी। सौराष्ट्र तमिल संगमम एक ऐसा कार्यक्रम है, जो भारत की संस्कृति की एकता को उजागर करता है, साथ ही जिसमें बताया गया है कि कैसे एक समुदाय तमिलनाडु में




गया और किस तरह देश में उनके अनकहे योगदान का इतिहास है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, ÷ मोदी सरकार द्वारा वाकई में यह एक शानदार पहल है जो जीवन के पुनर्मिलन को सक्षम बनाती है।

# ट्रॉली बॉय सुपरमार्केट ने भोपाल में शुरू किया अपना मध्यप्रदेश का पहला आउटलेट




**भोपाल।** देश में बढ़ते हुए सुपरमार्केट ट्रॉली बॉय ने अपनी विस्तार योजना के तहत मध्यप्रदेश के पहले सुपरमार्केट ट्रॉली बॉय की भोपाल में अपनी शुरूआत की है। सुपरमार्केट ट्रॉली बॉय भोपाल के संचालक अक्षत जैन ने बताया कि हमारे यहां पर्सनल केयर, हाउसहोल्ड, इलेक्ट्रिकल्स, स्टेशनरी, लेदर, ग्रोसरी, क्रोकरी सहित सभी उपभोक्ताओं के जरूरत की चीजें उपलब्ध है और 50त्न तक की छूट दी जा रहा है 2999/- की खरीद पर सदस्यता कार्ड निःशुल्क दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही हमारा एप लॉन्च होने वाला है जिसके चलते ग्राहक हमसे ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन भी जुड़ सकेंगे। वे घर बैठे ही ऑनलाइन आर्डर कर सामान घर पर मंगा सकेंगे। जिसका मोबाइल नंबर 9770417844 है।

# डायबिटीज मरीज ब्लड शुगर की निगरानी करें: डॉ. गुप्ता

**भोपाल।** ताजी सिंकी हुई ब्रेड की महक, ग्रिल पर मसालेदार मीट बनने की आवाज और हर व्यंजन के तरह-तरह के रंग और फ्लेवर की कल्पना कीजिए। इफ्तार का असली मजा यही है। हालांकि रमजान का त्योहार खाने-पीने से ज्यादा बहुत कुछ है यह आध्यात्मिक विकास का समय है लोगों का अपने धर्म से फिर से जुड़ने का समय है अब जल्द ही रमजान आने वाला है इफ्तार के दावत की तैयारियां चल रही हैं अब यह विचार करना बहुत जरूरी हो गया है कि कैसे हम डायबिटीज से जूझ रहे लोगों और उनका ख्याल रखने वाले लोगों की त्योहार अच्छी तरह मनाने में मदद कर सकते हैं रमजान का रोजा रखना डायबिटीज के रोगियों के लिए काफी मुश्किल होता है इसके लिए उन्हें अपने रूटीन और लाइफस्टाइल में भारी बदलाव करना पड़ता है जिससे दिन भर अपने ग्लूकोज लेवल को ठीक करने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

# जैन राजनीतिक चेतना मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन




चांदखेडी झालावाड़ में जैन राजनीतिक चेतना मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल (दिल्ली)की अध्यक्षता में संपन्न हुई अधिवेशन में पूर्व केबिनेट मंत्री भारत शासन प्रदीप जीआदित्य पूर्व केबिनेट मंत्री राजस्थान शासन जीवराज जी सिंधवी तथा सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक में म प्र की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवीन पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री सुभाष काला भोपाल,प्रदेश महामंत्री श्री टीके वेद इन्दौर, प्रदेश कार्याध्यक्ष श्री हंसमुख गांधी की घोषणा की गई। शेष पदाधिकारियों का मनोनयन स्थानीय स्तर पर किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से यह प्रस्ताव पारित हुआ की जैन जनसंख्या जो पुरे भारतवर्ष मे 3 करोड़ से ज़्यादा है शासकीय गणना अनुसार मात्र 45 लाख है इसका एक मात्र कारण जैन समाज द्वारा अपने नाम के साथ अपना सर नेम लिखना है इस संबंध में जागरण की आवश्यकता है जैन समाज जो सर्वाधिक शिक्षित व जागरूक समाज है उसका राजनीति में हिस्सा कम है उसे बढ़ाना है इस हेतु जन जागरण व जागरूकता रैली निकालने की योजना बनाई गई है।

# हिंडनबर्ग प्रभाव: अडानी समूह ने 34,900 करोड़ रुपए की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोका

**नई दिल्ली एजेंसी।** अडानी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में 34,900 करोड़ रुपए की पेट्रोरसायन परियोजना का काम रोक दिया है। समूह अमेरिकी निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद अपने परिचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने के लिए संसाधनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 2021 में एक नया कोयले से पीवीसी बनाने के संयंत्र स्थापित करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड का गठन किया था। यह संयंत्र गुजरात के कच्छ जिले में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की जमीन पर लगाया जाना था।

हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी की रिपोर्ट के



बाद अडानी समूह के मूल्यांकन में लगभग 140 अरब अमेरिकी डॉलर की कमी हुई है। ऐसे में समूह फिलहाल कुछ कर्ज चुकाने, संचालन को मजबूत करने और निवेशकों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान दे रहा है। समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों का खंडन किया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि जिन परियोजनाओं पर समूह ने कुछ समय के लिए आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है, उसमें 10 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली ग्रीन पीवीसी परियोजना शामिल है। समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को ईमेल भेजकर तत्काल सभी गतिविधियों को रोकने को कहा है। इसमें समूह ने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं से मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड की ग्रीन पीवीसी परियोजना के लिए अगले नोटिस तक सभी गतिविधियों और सभी दायित्वों को निलंबित करने के लिए कहा है।

समूह ने कहा, विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में समूह स्तर पर लागू की जा रही विभिन्न परियोजनाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है।

# तनवीर अहमद के निर्देशन में रिफ्लेक्शन थिएटर द्वारा प्रस्तुत हुआ हँसी -ठहाकों के साथ कॉमेडी नाटक टैक्स फ्री

**भोपाल।** दृष्टिमन रंग कला समिति द्वारा नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में नए थिएटर टेरेस की स्थापना की गई है। इस टेरेस थिएटर मे तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया जा रहा है। समारोह के दूसरे दिन %द रिफ्लेक्शन सोसायटी फॉर परफोर्मिंग आर्ट एंड कल्चर% द्वारा तनवीर अहमद के निर्देशन मैं मराठी लेखक



डॉ.चंद्रशेखर फणसलकर लिखित,एवं विदुला गोरे द्वारा अनुवादित नाटक टैक्स-फ्री का सफल मंचन हुआ, जीवन के पल को खुलकर जीना ही असली जीवन है। साथ ही जिंदगी की लाचारियों से आगे बढ़कर जीवन के हर लम्हे को छोटी-छोटी खुशियों से समेटकर हर पल का लुत्फ उठाने का भी इस प्रकार हंसी के ठहाकों के बीच नाटक मैं मानवीय संवेदनाओं के साथ-साथ सामाजिक ताने-बाने को समझाने का प्रयास है।

नाटक की कहानी चार अंधों पर आधारित है, जो जन्मांध नहीं, बल्कि किसी ना किसी दुर्घटनावश अंधे हो गए हैं। वे अंधों की तरह लाचार ना होकर मनोरंजन से भरी जिंदगी जीते हैं।नाटक की कहानी ब्लाइंड मेन्स क्लब से शुरू होती है, जहां कुछ फीस देकर नेत्रहीनों का मनोरंजन किया जाता है। क्लब चलाने वाला मास्टर भी अंधा होता है इसलिए वह क्लब का मुख्य द्वार इस तरह बनाता है कि कोई दूसरा व्यक्ति न हो। वे अपने अंधेपन का फायदा नहीं उठा सकते, इसलिए मुख्य दरवाजा फर्श से 5 फीट ऊंचा है। दरवाजे की ओर एक सीढ़ी ऊपर जा रही है, जैसे ही दरवाजे का कुआं बजता है, क्लब में प्रवेश करने वाले व्यक्ति की दृष्टिहीनता की जांच की जाती है।

नाटक में अंधा व्यक्ति सदाशिव काले दूसरे अंधे व्यक्ति जगताप से कहता है कि बच्चे के उपनयन समारोह से कुछ देर पहले ही उसने अचानक उसे देखना बंद कर दिया। कुछ देर बाद क्लब की डोर बेल बजती है और श्याम अंदर आता है। गेट से निकलते ही श्याम नीचे गिर जाता है। सभी मिलकर उसे बताते हैं कि ब्लाइंड मेन्स क्लब में एक नए साथी का स्वागत है।

इन कलाकारों ने किया अभिनय,
रघुनाथ जगताप ङ्क अर्शिन खान
विठ्ठल पंढ़रपुर- अमित पाण्डेय
केंजले मास्टर - डायमंड सोनी
सदाशिव काले ङ्क रितिक यादव
सोनावणे- कुणाल चावड़ा
मंच परे
मंच व्यवस्थापक -उन्नीत चौरसिया
मंच परिकल्पना - दिनेश नायर
प्रकाश - तनवीर अहमद
मंच निर्माण -विशाल जैसवाल,उन्नीत चौरसिया
संगीत संचालन - शुभम रॉय
निर्देशकीय सहयोग- डॉ.नाहिद तनवीर

# विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान का होली मिलन समारोह संपन्न



**भोपाल।** विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान का होली मिलन समारोह समृद्धि मैरिज गार्डन, सूरज नगर, भोपाल में श्री पीसी शर्मा जी ( विधायक एवं पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन ), श्रीमती विभा शर्मा एवं श्री के.डी. शर्मा जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ ! इस अवसर पर होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में श्रीमती सीमा शुक्ला , श्रीमती अर्चना पाठक , श्रीमती प्रकाश मिश्रा ने बताया कि भोपाल में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण संग फूलों की होली खेली गई एवं फाग गीत गाकर महिलाओं द्वारा होली के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर फूलों की होली संग मीठे गीतों की फुहार ने धूम मचा दी ! कार्यक्रम में समाज के लगभग 200 से भी अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं आनन्द लिया ।

# दुष्यंत कुमार पंडूलिपि संग्रहालय में लोकगीत प्रतियोगिता संपन्न हुई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासकीय कर्मचारी एकता रंगमंच के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली एवं रंग पंचमी के उपलक्ष पर लोकगीत, नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया, सरस्वती वंदना श्री राम किशन सेन एवं श्री महेश सोनी द्वारा गणेश वंदना संगीत में प्रस्तुत की. अतिथि के रुप में सम्मिलित श्री पंकज शर्मा (उप सचिव मध्य प्रदेश शासन) श्रीमती



सुरेखा कामले (संगीतज्ञ), का स्वागत सुश्री अनीता चौहान (मंच संचालन) , श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव (मंच व्यवस्था) लक्ष्मी नारायण शर्मा, विद्या श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह, श्रीफल, अंग वस्त्र, भेंट कर किया गया, श्यामला जोशी (झंकार म्यूजिकल ग्रुप) द्वितीय पुरस्कार श्रीमती उमा रावत,सुधा दुबे (एकता म्यूजिकल ग्रुप) तृतीय पुरस्कार सुश्री रजनी वर्मा,रेखा वर्मा, (अंबिका म्यूजिकल ग्रुप) एवं प्रथम सांत्वना पुरस्कार श्री पातीराम पाल (बुंदेली कला मंडल) दूसरा सांत्वना पुरस्कार कु. रितु राव (हम म्यूजिकल ग्रुप) ने प्राप्त किया निर्णायक मंडल में श्रीमती सुरेखा कांबले (संगीतज्ञ) श्री पंकज शर्मा (उप सचिव मध्य प्रदेश शासन) सुमित द्विवेदी (नाट्य निर्देशक) द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए।

# महाआर्यमन सिंधिया होंगे शामिल क्रिकेट महाकुंभ के फाइनल मुकाबले में

## तैयारियों को लेकर क्रिकेट समिति की राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने ली बैठक

सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के फाइनल मुकाबले में युवराज महा आर्यमन सिंधिया 26 उसको राहतगढ़ में शामिल होंगे जिसको लेकर क्रिकेट समिति की बैठक राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को होटल रॉयल पैलेस में ली जिसमें उन्होंने क्रिकेट समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां आने वाले अतिथि का स्वागत ऐतिहासिक होना चाहिए ताकि सुरखी वासियों का स्वागत हमेशा उन्हें याद रहे इस भव्यता से उनका स्वागत किया जाए कि हमारी सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का प्रेम लेकर वह हमारे यहां से जाए। श्री राजपूत ने कहा कि राहतगढ़ में 26 मार्च को क्रिकेट महाकुंभ का फाइनल महा मुकाबला होगा जिसमे विश्व रिकॉर्ड के लिए वर्ल्ड ग्रीन बुक की टीम शामिल होगी जो एक बार फिर 609 टीमों का टूर्नामेंट होने का रिकॉर्ड की



जानकारी लेगी इस क्रिकेट महाकुंभ में एक बार फिर सुरखी विधानसभा विश्व रिकॉर्ड बनाएगी जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी तथा समिति के सदस्य शामिल होंगे यह अपने आप में एक बड़ा कीर्तिमान है ।इस अवसर पर क्रिकेट महाकुंभ के आयोजक आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि क्रिकेट महाकुंभ महा मुकाबला 26 मार्च को राहतगढ़ में आयोजित होगा जिसकी सारी व्यवस्थाएं हम सभी को मिलकर करनी है हमारे अतिथि युवराज महा आर्यमन के स्वागत में सारी व्यवस्थाएं इस तरह की जाए कि यह पल एक ऐतिहासिक क्षण बन जाए जिसके लिए हम सभी को मेहनत करनी होगी।

# नंदिता दास ने बताया कि कैसे कपिल शर्मा ने ज़्विगैटो के लिए इतनी अच्छी तरह अपनाया झारखंड का लहजा



**मुंबई, एजेंसी।** इस शनिवार, द कपिल शर्मा शो में हंसी की डिलीवरी के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि होस्ट कपिल शर्मा अपनी फिल्म ज़्विगैटो को प्रमोट करने खास मेहमान के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म की निर्देशक, समीक्षकों द्वारा सराही गई नंदिता दास और को-एक्टर शहाना गोस्वामी भी शामिल होंगी। हंसी के हंगामे को दोगुना करते हुए, राजीव ठाकुर एक सेगमेंट के लिए होस्ट की जगह दिखाई देंगे और अपने दोस्त और को-एक्टर कपिल शर्मा से सवाल करेंगे। ज़्विगैटो को इसकी सादगी और मौलिकता के कारण दुनिया भर में अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में बहुत पसंद किया गया है। इस फिल्म के लिए झारखंड का लहजा सीखने के लिए कपिल शर्मा अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर आए और लिखे गए किरदार के साथ न्याय किया। इस बारे में बात करते हुए नंदिता दास ने कहा, फिल्म में कपिल एक नए अवतार में नजर आएंगे, जो अपने सामान्य पंजाबी लहजे की तुलना में झारखंड के लहजे में बोलेंगे। मैं शुरू में उनके झारखंड के लहजे को लेकर चिंतित थी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने ली बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक




**छिन्दवाड़ा ।** जिला के जन-जाति अंचल के पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के साँवरी मंडल अंतर्गत लावाघोगरी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बीडी शर्मा के आतिथ्य में बूथ सशक्तिकरण अभियान 2.0 के भाजपा बूथ समिति,पन्ना समिति की बैठक में सदस्यों से चर्चा करते हुए बूथ के डिजिटलीकरण तथा सशक्तिकरण के लिए विस्तृत चर्चा की तथा केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाएं जिसमें प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, निःशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन योजना आदि के साथ बताया कि पिछले 18 सालों में सड़क, बिजली और पानी के क्षेत्र में हमारा मध्यप्रदेश संमृद्ध बना है बैठक बूथ समिति के अध्यक्ष मनीष शीलू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने भाजपा सरकार गरीबों की जनहितैषी सरकार है,प्रदेश के विकास के लिए शिवराज सिंह चौहान दिन-रात लगातार 18 घंटे कार्य कर रहे है, बैठक में राज्य सभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार,भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक साह, पूर्व विधायक मारोतराव खवसे, पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़, नरेश दिवाकर, शेषराव यादव, संतोष पारीक, संगठन मंत्री, कार्यक्रम प्रभारी कुबेर सूर्यवंशी जनपद सदस्य, कमलेश उइकेदजिला पंचायत सदस्य, मंडल प्रभारी रिजवान कुरैशी के साथ ही मंडल अध्यक्ष अरविंद सूर्यवंशी, देवीलाल चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, लावाघोगरी शक्ति केन्द्र प्रभारी कैलाश सोनेवार,संयोजक गोंदिया भलावी, मधुकर सकोम, सरपंच गीता रहनशा इवनाती, पंछाशाह उइके एवं मंडल के बूथों अध्यक्ष,सदस्यगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का ग्राम खापाभाट में हुआ शिविर



**छिंदवाड़ा ।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का ग्राम खापाभाट में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन दिन शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर उनकी पुत्री स्वाति चंदेलकर , डॉ ब्रह्मने सर द्वारा स्वयंसेविकाओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर समापन किया गया और अंतिम दिन आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया गया एवं जानकारी प्राप्त की । जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि डोडानी, शिविर नायिका रेशमी उइके, आकांक्षा डहेरिया, दीपिका बंदेवार, प्राची चेचकर, रागिनी वर्मन, प्रतिमा गाडरे, सृष्टि श्रीवास्तव, हर्षिता नागवंशी, सृष्टि भलावी, मौसमी रॉय, प्रियंका उइके व अधिक से अधिक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

## रसोईया बहनों का मानदेय बढ़ाने के लिए कामगार कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया ।** कांग्रेस कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष रमन ब्रम्ह के नेतृत्व में रसोईया बहनों के मानदेय बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर जिला असंगठित कामगार कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी ठाकुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजकुमारी पन्द्राम ब्लाक कामगार कांग्रेस परासिया अध्यक्ष रमन ब्रम्हे ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष गिरधारी चलाधिया महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सोनी इकलहरा सरपंच साधनादास रजक समाज जिला अध्यक्ष बसन्त मालवी पार्षद सावित्री वर्मा ब्रजेश भालावी रुबीना गाँधी सेफ खान प्रवक्ता नगर कांग्रेस कमेटी संसद प्रतिनिधि बिट्टू डेहरिया स्वनित करानीया भोला सातपुते नीतू सिंह ठाकुर सुधीर महलवंसी शाकिर खान रजनीश वेश सहित भारी संख्या में कांग्रेस महिलाएं एवं कामगार कांग्रेस के सभी साथी उपस्थित थे ।

## नुन्हारिया मेहरा समाज बाबा साहेब जयंती की रूपरेखा तैयार



**छिंदवाड़ा ।** नुन्हारिया मेहरा समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुमित भावरकर ने बताया कि आज दिनांक 19 मार्च दिन रविवार दोपहर 1 बजे स्थान समता बौद्ध विहार परासिया रोड़ में नुन्हारिया मेहरा समाज विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष अनुसार नुन्हारिया मेहरा समाज युवा प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा के तत्वाधान में संविधान निर्माता विश्वरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनाई जाती है इस वर्ष भी संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती एवं शिक्षक जनक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती भव्य रूप से मनाने रूपरेखा तैयार की गई इस अवसर में मुख्यरूप से प्रांतीय अध्यक्ष अतरलाल कोलारे, प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष वस्त्राणे, प्रांतीय सचिव संजय मेहरा, पूर्व अध्यक्ष एसपी भावरकर, पूर्व सचिव राधेलाल भावरकर, सक्रिय सदस्य मंगलप्रसाद भावरकर, दिमागचंद कोलारे, कोमल भावरकर,

# कमलनाथ ने की घोषणा-पांच सौ रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर

### महिलाओं को प्रतिमाह देंगे 1500 रुपये



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की हिटलरी सत्ता में महंगी रसोई गैस के दामों में दबे गरीब, मध्यम व उच्च मध्यम परिवारों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने राहत पहुंचाने आश्वासन देते हुये घोषणा की है कि आगामी विधानसभा चुनाव में मप्र. में कांग्रेस की सरकार बनने पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर केवल पांच सौ रुपये में दिये जायेंगे। विदित हो कि वर्ष 2014 में कांग्रेस शासन काल में रसोई गैस के दाम 400 रुपये प्रति सिलेंडर हुआ करते थे और प्रदेश में भाजपा की सत्ता काबिज होते ही यह दाम प्रतिमाह व प्रतिवर्ष बढ़ते हुये 1150 रुपये पहुंच गये हैं।जिला सहित सम्पूर्ण प्रदेश में केरोसिन तेल और जलाउ लकड़ी के अभाव व बढ़ती कीमतों के कारण लगभग प्रत्येक परिवार अब रसोई गैस सिलेंडरों पर निर्भर है। परन्तु प्रति व्यक्ति की निश्चित आय में इन 18 वर्षों में कोई भी वृद्धि नहीं हुई है जबकि बढ़ी गैस की कीमतों ने हर परिवार का बजट बिगाड़ दिया है जिससे लगभग पूरा सामाजिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो गया है। भाजपा के शासन काल में हुई रसोई गैस की कीमतों में तीन गुना वृद्धि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का 500 रुपयों में गैस सिलेंडर देने का यह वचन गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक रूप से संबल देगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की आमजन के लिये यह बड़ी घोषणा की है। जिले व प्रदेश की जनता को मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सर्वप्रथम गैस सिलेंडर के महंगे दामों से मुक्ति मिलेगी। प्रदेश की भाजपा सरकार हर माह रसोई गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि कर आमजन को लूट रही है, किन्तु कांग्रेस की सरकार आते ही इस लूट से हर वर्ग को छुटकारा मिलेगा, यह बड़ी घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा की गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये दिये जायेंगे इस तरह कुल प्रतिवर्ष महिलाओं को 18 हजार रुपये प्राप्त होंगे।

वर्तमान में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि से आमजन त्रस्त है। रसोई गैस ही नहीं अन्य सामग्री के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे महिलाओं की रसोई का बजट दिन पर दिन बिगड़ते जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर भरवाने के लिये राशि नहीं होने पर अब गांव में निवासरत परिवार दोबारा लकड़ी के चूल्हे पर भोजन पकाने को मजबूर हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक तरफ जनहितैषी व गरीब कल्याण की योजनाओं और महिलाओं के हितों की बात करते हैं और दूसरी ओर रसोई गैस सहित अन्य सामग्री की मूल्य वृद्धि कर प्रदेश व जिले की जनता को लूट रहे हैं, किन्तु प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही इस लूट पर विराम लगेगा और आमजन फिर से खुशहाल जीवन व्यतीत करेंगे।

# जिन्हें भ्रम है कि छिंदवाड़ा उनका गढ़ है तो वह भी जल्द टूट जाएगा:वी.डी.शर्मा

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा महाविजय का उद्घोष

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी 25 मार्च को छिंदवाड़ा से महाविजय का उद्घोष कर कार्यकर्ताओं का संबोधित करेंगे। श्री अमित शाह के छिंदवाड़ा आगमन पर कार्यकर्ता व्यापक उत्साह और उमंग के साथ उनके स्वागत के लिए तैयार हैं। श्री शाह जी का छिंदवाड़ा में ऐतिहासिक स्वागत-सत्कार होगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

#### विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे अमित शाह



प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि 25 मार्च को गृहमंत्री अमित शाह का आगमन छिंदवाड़ा में हो रहा है। यहां वे महाविजय का उद्घोष कर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि देश के गृहमंत्री, लोकप्रिय, ताकतवर नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, वह छिंदवाड़ा में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि 25 मार्च को दोपहर 1 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा पधारेंगे। श्री अमित शाह जी यहां आंचल कुंड आश्रम में आदिवासी समाज के धर्मगुरुओं से भेंटकर उनका आशीर्वाद लेंगे और यहां भोजन करेंगें। जिसके पश्चात अमित शाह विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे।

#### 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का इतिहास बनाएंगे

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उमंग और उत्साह है। छिंदवाड़ा के प्रत्येक बूथ पर पार्टी उत्साह के साथ मैदान में उतरकर उनके स्वागत की तैयारियों में जुटी है। उन्होंने कहा कि अमित शाह की उपस्थिति में छिदवाड़ा के पार्टी कार्यकर्ता महाविजय उद्घोष के संकल्प को लेकर आगे बढ़ेगें कि आगामी आने वाला 2023 विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का इतिहास बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन्हें यह भ्रम है कि छिंदवाड़ा उनका गढ़ है, तो उनका यह भ्रम भी जल्द टूट जाएगा। छिंदवाड़ा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभान्वितों का गढ़ है। सौंसर में कांग्रेस का एक भी पार्षद का न जीतना इस बात का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा और लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी रिकार्ड मतों से विजय होगी।

#### बूथ सशक्तिकरण अभियान में छिंदवाड़ा के 1908 बूथों पर हमारे कार्यकर्ता उतरे

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 14 मार्च से मध्यप्रदेश के 64100 बूथों पर पार्टी का बूथ विस्तारक अभियान-2 चल रहा है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि छिंदवाड़ा जिले के 33 मंडलों में 378 शक्ति केंद्र हैं। उनके 1908 बूथ केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अभियान को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसका कार्यकर्ता है। पार्टी कार्यकर्ता बूथ मजबूती के संकल्प को लेकर आगे बढ़ता है, उसके साथ दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता का नेतृत्व और गरीबों के जीवने बदलने वाली सरकार की योजनाएं हर बूथ और हर घर तक पहुंचती है, तो जनता भाजपा का समर्थन करती है।

#### कमलनाथ बताएं उन्होंने मुख्यमंत्री रहते गरीबों का हक क्यों छीना?

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं, लेकिन जब वह 15 महीने प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे, उन्होंने गरीबों से उनका हक क्यों छीना? कमलनाथ बताएं कि उन्होंने लाडली लक्ष्मी बेटी, तीर्थ दर्शन योजना से लेकर संबल जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं क्यों बंद की? कमलनाथ बताएं कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 143000 प्रधानमंत्री आवास मध्यप्रदेश को दिये तब मुख्यमंत्री रहते हुए आपने वह आवास वापस क्यों कर दिए?

पत्रकार वार्ता व भाजपा कार्यालय की बैठक में प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल, संभाग प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारीक एवं जिला अध्यक्ष विवेक साहू, नरेश दिवाकर, शेषराव यादव, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान उपस्थित थे।

## आदिवासी बच्ची से दुराचार की घटना निंदनीय

### पुलिस प्रशासन के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन



**छिन्दवाड़ा ।** मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है, आदिवासी भाइयों और बहनों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं फिर भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुप बैठे हैं। एक तरफ तो वे स्वयं और भाजपा अपने आपको आदिवासी हितैषी बताते हैं और दूसरी ओर उनकी ही सरकार में एक आदिवासी बच्ची के साथ दुराचार की वारदात का विरोध करने पर आदिवासी भाई की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। यही भाजपा का असली चेहरा है।प्रदेश की भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है और सरकार उनका संरक्षण कर रही है। इंदौर के महू जिले में आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई जिसके विरोध में आदिवासी भाइयों व आमजन ने विरोध प्रदर्शन किया तो एक आदिवासी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों ही घटनाक्रम के विरोध में आज कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के द्वारा ईएलसी चौक पर बच्ची के साथ हुये सामूहिक दुराचार की वारदात के विरोध में पुलिस प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

## नवीन कुलपति का छात्र प्रतिनिधि ने किया स्वागत



**छिंदवाड़ा ।** छात्र प्रतिनिधि द्वारा नवीन कुलपति कपिल देव मिश्रा का अल्प प्रभास पर आना हुआ जिसमें छात्र प्रतिनिधि ने शुभकामनाएं दीं और छात्र हित की विभिन्न चर्चा की गई जिसमें इंद्रजीत पटेल , कुणाल शर्मा, अनिमेष देशवाड़े एवं अन्य उपस्थित थे।

## छिन्दवाड़ा-नैनपुर रेलवे ट्रैक को शुरू करना सर्वोच्च प्राथमिकता: डीआरएम



**छिंदवाड़ा ।** दक्षिण-पूर्व रेलवे मण्डल नागपुर की डी आर एम नमिता त्रिपाठी रविवार को छिन्दवाड़ा पहुंची यहां उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्था ग्रेड का जायजा लिया निरीक्षण में उन्होंने प्लेट फार्म, यात्री प्रतीक्षालय, रेलवे गुड्स, टिकिट काउंटर, ब्रिज सहित सुरक्षा मानक और अन्य व्यवस्थाएं देखी इस दौरान उन्हें वरिष्ठ नागरिक मंच, महिला संगठन और काँग्रेस अनुसूचित मोर्चा ने विविध मांगो का ज्ञापन भी दिया रेलवे डी आर एम ने कहा कि छिन्दवाड़ा - नैनपुर रेलवे ट्रैक को शुरू करना सर्वोच्च प्राथमिकता है यह ट्रैक शुरू होते ही छिन्दवाड़ा की रेलवे कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ेंगी और यात्री सुविधा के साथ ही लगेज सुविधा भी बढ़ेंगी

गौरतलब है कि पिछले करीब सात वर्षो से छिन्दवाड़ा-नैनपुर रेलवे ट्रैक निर्माण के नाम पर बंद है इस दौरान सिवनी, जबलपुर मार्ग के लिए केवल सड़क मार्ग ही एक मात्र विकल्प है सड़क मार्ग पर यात्रियों को निजी ट्रेवल्स एजेंसियों के महंगे किराए-भाड़े का बोझ उठाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है इस ट्रैक के शुरू होने से रेल के माध्यम से आम नों को सस्ती यात्री सुविधा मिल सकेगी

वरिष्ठ नागरिक मंच ने नागपुर, जबलपुर से दौड़ने वाली महानगरीय ट्रेनों को छिन्दवाड़ा के रास्ते चलाने की मांग रखी है इसके साथ ही अन्य संगठनों ने ज्ञापन देकर जनता कालोनी से मोक्षधाम मार्ग पर ओवर ब्रिज बनवाने के साथ ही रेलवे स्टेशन पर एक और फुट ब्रिज बनाने सहित सुविधा विस्तार की मांगे डी आर एम के समक्ष रखी जिसे उन्होंने सुना और ट्रैक के जल्द शुरू होने की बात कही है। डी आर एम नागपुर इतवारी से गोंदिया तक के रेलवे ट्रैक का निरीक्षण पर है डी आर एम स्पेशल ट्रेन से वे छिन्दवाड़ा आई थी छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के बाद वे सिवनी के लिए रवाना हो गई रविवार को निरीक्षण पर नागपुर से लेकर गोंदिया तक उनका दौरा है जिसमे वे छिन्दवाड़ा,सिवनी, बालाघाट, गोंदिया होते हुए वापस नागपुर पहुँचेगी

## हर्षोल्लास के साथ मनाई मां कर्मा जयंती

### रैली निकालकर दिया एकजुटता का संदेश



**बिछुआ ।** युवा साहू समाज संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खमारपानी में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा जयंती की जंयती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी सामाजिक बंधुओं के द्वारा डीजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए बस स्टैंड खमारपानी स्थित आयोजन स्थल पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों की उपस्थिति होने से मां कर्मा के जयकारे गुजायमन हो उठे। जहां विधि विधान के साथ हवन पूजन व महाआरती की गई। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा समाज के इतिहास के बारें में बताया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज युवा संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठजन समेत बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों उपस्थित थे।

## रामनवमीं पर साईं मंदिर में होंगे विभिन्न आयोजन

**छिंदवाड़ा ।** 30 मार्च रामनवमीं के दिन विवेकानंद कॉलोनी स्थित श्री शिर्डी साईं मंदिर में राम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने हेतु बैठक आयोजित की गई। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 22 मार्च से 30 मार्च तक चैत्रनवरात्र पर प्रतिदिन प्रातः साईं बाबा का विशेष अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक हेतु भक्त समुदाय पूर्व ही पंजीयन करवा सकते हैं। 30 मार्च रामनवमी पर प्रातः 9.30 बजे से साईं नाम जप होगा। प्रातः 10:30 बजे से आचार्य केशव पांडे जी द्वारा राम जन्म के अध्याय का वाचन किया जाएगा।दोपहर 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव होगा एवं मध्यान्ह आरती की जाएगी।दोपहर 12.30 बजे से महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामनवमीं से सायंकाल की आरती का समय परिवर्तित होकर सायं 7 बजे हो जाएगा। सायं 7 बजे आरती के पश्चात बाबा की पालकी साईं मंदिर से विवेकानंद कॉलोनी स्थित गजानन महाराज मंदिर तक निकाली जाएगी। रात्रि शेज आरती के पश्चात चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमीं जन्मोत्सव का समापन होगा। सच्चिदानंद सेवा समिति की इस बैठक में एस. व्ही. पुराणिक, जयंत बक्षी, अजाबराव सातपुते, अवधूत मोहगावकर, धर्मेंद्र भार्गव, डी. आर. उपासे, व्ही. एस. राजपूत, भगवंत अलडक, वीरेंद्र तिवारी, मनोज वाघमारे, शिवकुमार माटे एवं श्री मनीष असाठी उपस्तिथ थे।



# मानव सेवा, विश्व में भाईचारा और प्रेम का संदेश दें: श्री मंताना

### सहज योग जन्म शताब्दी महोत्सव, 2023- प्रथम दिवस



**छिंदवाड़ा।** सहजयोग प्रणेता परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी के 100सें जन्मदिवस अवसर पर शिव पर्वत, लिंगा में आयोजित चार दिवसीय महोत्सव के तहत रविवार को दीप प्रज्जवलन के साथ आयोजन का आगाज हुआ। इसके बाद देशभर में सहजयोग का अलख जगाकर आए तीन चैतन्य रथ का भव्य स्वागत लिंगा में किया गया।

रविवार प्रातः लिंगा स्थित शिव पर्वत पर सहजयोग आश्रम में हजारों सहजयोगी भाई-बहनों की उपस्थिति में परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी सहजयोग नेशनल ट्रस्ट के वायस चेयरमेन रमेश मंताना,उपाध्यक्ष प्रताप उर्धवानी, सहजयोग जन्म शताब्दी महोत्सव के संयोजक श्रीचंद जैन, नेशनल ट्रस्टी एवं मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की प्रभारी सोनाली भट्टाचार्य, मध्यप्रदेश के राज्य समन्वयक दीपक गोखले तथा विभिन्न राज्यों से आए राज्य समन्वयकगण/समिति प्रभारियों ने श्रीमाताजी के चरणों में पूष्प अर्पित किए और दीप प्रज्जवलित किया। परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मलादेवी सहजयोग नेशनल ट्रस्ट,नई दिल्ली के वायस चेयरमेन रमेश मंताना ने दीप प्रज्जवन के बाद सहजयोगी भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहाकि-विश्व को भाईचारा और प्रेम का संदेश दे चुकी हमारी माताजी का 100वां जन्मोत्सव इस बार शताब्दी वर्ष के रूप में हम मना रहे हैं। माताजी ने सभी सहजी भाई-बहनों से अपेक्षा की थी और है कि वे पूरे विश्व को एक मानें, सभी के साथ भाई चारा रखे तथा प्रेम का संदेश बांटे। आपने कहाकि आज पूरे विश्व के लोग किसी न किसी प्राकृतिक आपदा से पीड़ित हैं। कोराना काल को हम देख चुके हैं। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्यार बांटे और मानव सेवा के लिए जो कर सकते हैं करें। लोगों को अधिक से अधिक आत्मसाक्षात्कार दें तथा उनकी कुण्डलिनी को जाग्रत करें। ताकि वे समस्याओं का हल प्राप्त कर सकें,जोकि केवल सहजयोग में ही संभव है।

#### तीन चैतन्य रथ की भव्य अगवानी

श्रीमाताजी के जन्म शताब्दी वर्ष में गत वर्ष देश की चारों दिशाओं में सहजयोग का प्रचार करने,अधिक से अधिक लोगों को आत्मसाक्षात्कार देने के लिए चैतन्य रथ रवाना हुए थे। इन रथों का आगमन शनिवार शाम को जन्म स्थली पर हुआ था। रविवार दोपहर जन्म स्थली से बस स्टैण्ड तक रेली निकली। पश्चात तीनों रथ लिंगा आए। यहां पर सहजयोगी तथा ट्रस्टीगण आदि ने भव्य स्वागत किया।

# व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समूह में उत्कृष्ट कार्य करना सिखाता है एनएसएस: धीरेंद्र दुबे

### राज्य स्तरीय शिविर के तर्ज में समापन हुआ पीजी कालेज का 7 दिवसीय शिविर



**छिंदवाड़ा।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भमाडा में हर्ष उल्लास से समापन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.पी.आर.चंदेलकर के मार्गदर्शन में अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम एवं महेंद्र साहू के नेतृत्व में जिसमें जिला संगठक डॉ. बाय.के.शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में धीरेंद्र दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेलाल भाबरकर, श्रीमती संगीता जोशी, बीना भावरकर ,आयुषी भावरकर,लेखनी भावरकर की उपस्थिति में शिविर समापन हुआ।

डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम ने बताया कि शिविर में प्रथम दिवस से सात दिवस तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई जिसमें लाडली बहना योजना का प्रचार प्रसार किया गया। नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश को लेकर ग्राम भमाडा के आसपास के ग्रामों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। शिविर का समापन राज्य स्तरीय शिविर के तर्ज पर समापन किया गया। शिविर नायक विशाल सल्लाम ने ध्वजा अवरोहण कर विधिवत रूप से शिविर संचालक डॉ जगमोहन सिंह पूषाम को सौंपा तत्पश्चात शिविर संचालक ने जिले के मुखिया जिला संगठक डॉ वाये के शर्मा को सौपकर प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रगान एवं लक्ष्य गीत कर शिविर का समापन किया गया। अति उत्कृष्ट कार्य करने वालों अनेक स्वयंसेवकों को ट्रॉफी व मेडल एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 शिविरार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिविर नायक विशाल सलामे, टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, शिविर उप नायक नीलेश ब्रम्हने, कोर ग्रुप लीडर आदिल मंसूरी एवं विवेक सरयाम, दिनेश साहू, शिवसिंग डेहरिया, बलराम उईके, चंदन साहू, ओम शंकर ठाकुर, जयप्रकाश मंडानी, संजय राकेशिया, विक्रम भलावी, अर्जुन उईके, अभिषेक विश्वकर्मा, बालकराम पहाड़े,आशीष मर्सकोले, दुर्गेश चौधरी, देवीदास पहाड़े ,जीवन धुर्वे, लक्ष्मण कड़वे, संजू बर्मन, बिट्टूराम मालवी,विशाल सूर्यवन्शी, मानस भारद्वाज सहित सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे।



आज माता मंदिर चौराहे पर वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया लोधी समाज के युवा एवम वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।





प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने आज वल्चर कंजर्वेशन एंड रीइंट्रोडक्शन इन मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का शुभारंभ किया।



स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम मे महिला महापौर हेल्पलाइन का निरीक्षण किया शिकायतों का निरीक्षण किया एवम लाभार्थियों से फीड बैक लिया अधिकारियों को 24 घंटे मे समस्या हल करने आदेशित किया।

# पहली बार गांधी परिवार पर आक्रामक हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी को लेकर दे दिया ये बयान

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सीधे गांधी परिवार पर टिप्पणी करने से परहेज करते थे, लेकिन अब वे उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे हमले कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी की ओर से विदेश में बयान देने के मामले पर देश से माफी मांगने की मांग की है. उन्होंने राहुल गांधी के बयान को भारत माता के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बताया है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया 18 और 19 मार्च को ग्वालियर दौरे पर हैं. इस दौरान उन्होंने एक पोलिंग बूथ पर पहुंचकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और शहर के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनसे देश के बाहर देश के लोकतंत्र को खतरा बताया जाने वाले बयान पर माफी मांगने की बात का समर्थन किया. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अगर कोई भी नागरिक भारत माता की आन-बान-शान में ठेस पहुंचाता है, खासकर विदेशी धरती, विदेशी संसद और विदेशी कार्यक्रमों में तो उसे देश में लौटने पर देश के प्रति अपनी आस्था को देखते हुए जरूर माफी मांगनी चाहिए।

# कांग्रेस की सरकार आ गई तो तुझे छोड़ेंगे नहीं... सिंधिया समर्थक मिनिस्टर को दिग्विजय सिंह ने दी खुली धमकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजनीति में पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का समर्थक माना जाता है. साल 2020 में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले विधायकों में सिसोदिया भी शामिल थे. सूबे की कांग्रेस सरकार में भी सिसोदिया श्रममंत्री रह चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की धमकी से मध्य प्रदेश के सियासी गलियारों में हलचल मच गई है. यह धमकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया को दी है. दिग्विजय ने कहा कि अगर प्रदेश में कांग्रेस सरकार आ गई तो सिसोदिया को छोड़ेंगे नहीं, सबक सिखाएंगे।

गुना जिले के बमोरी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने खुले मंच से पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया को चेतावनी देते हुए कहा, मैं मंच से मंत्री को धौंस दे रहा हूं. अगर मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ गई तो तुझे छोड़ेंगे नहीं, सबक सिखाएंगे। पंचायत मंत्री सिसौदिया के विधानसभा क्षेत्र बमोरी में ही



दिग्विजय सिंह ने खुले मंच से यह धमकी दी. कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कर्मचारियों को भी सावधान करते हुए कहा, जो अधिकारी-कर्मचारी निर्दोष लोगों को पकड़ेगा, उसे छोडूंगा नहीं। दरअसल, कांग्रेसियों ने दिग्विजय सिंह से शिकायत की थी कि पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया उन्हें धमकाते हैं. अधिकारियों और पुलिस के नाम की धमकी दी जाती है. परेशान किया जाता है. इसी को लेकर दिग्विजय सिंह ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जोश भरते के लिए मंच से बयानबाज़ी की। उधर, पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह जाने क्यों धमकी दे रहे हैं? मैं चाहता तो बमौरी में कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ कर देता. मेरी मानसिकता किसी को नुकसान करने की नहीं है. मैं डरता हूं तो सिर्फ़ अपने नेता से या फिर ईश्वर से, और किसी से नहीं। बता दें कि मध्य प्रदेश की राजनीति में महेंद्र सिंह सिसोदिया को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का समर्थक माना जाता है. साल 2020 में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले विधायकों में सिसोदिया भी शामिल थे।

## सरकारी गाड़ियां भी लौटाई,आज से 3 दिन छुट्टी पर मप्र के तहसीलदार; जनता से जुड़े कामों पर असर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार सोमवार से 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इससे पहले रविवार रात में ही वे सरकारी वॉट्सएप ग्रुप लेफ्ट हो गए और गाड़ियां भी लौटा दी। उनके छुट्?टी पर जाने से जनता से जुड़े कई कामों पर असर पड़ेगा। बंटाकन, सीमांकन समेत कई कामों की सुनवाई नहीं हो सकेगी।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार रविवार रात 8 बजे सभी ऑफिशियल वॉट्सएप ग्रुप से एकसाथ लेफ्ट हो गए। वहीं, रात 9 बजे तक अपनी सरकारी गाड़ियां सीनियर अफसरों को जमा करा दी। अपना डिजिटल साइन का डोंगल भी रात 9 बजे तक वापस अपने पास जमा कर लया। इसके बाद आज से अवकाश पर चले गए हैं। तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के अवकाश पर चले जाने के कारण बंटाकन और सीमांकन जैसे अनेक काम नहीं हो सकेंगे। इससे पेंडिंग केस की संख्या बढ़ेगी। लाड़ली बहना योजना की मानीटरिंग में भी दिक्कतें आएंगी।

बता दें कि प्रदेश में तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर और नायब तहसीलदारों को तहसीलदार बनाने का मुद्दा फरवरी से ही गरमाया हुआ है। वे चाहते हैं कि कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदार को लेकर आदेश व्रष्ठ यानी सामान्य प्रशासन विभाग ही निकाले, ताकि जिलों में उन्हें पदोन्नति उसी तहसील पर मिले, जो की गई है।

# गोल्डन क्वीन के नाम से फेमस ड्रग आंटी का बेटा दिल्ली क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

### 20 हजार का इनाम घोषित था

**इंदौर।** दो सालों से इंदौर में गिरफ्तार गोल्डन क्वीन और ड्रग आंटी के नाम से फेमस प्रीति जैन के बेटे यश जैन को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। यश पर 20 हजार का इनाम घोषित था। वह इंदौर में लंबे समय से कोकीन सप्लाई करता था। इस पूरे काम में प्रीति जैन उसके साथ लिप्त थी। प्रीति जैन को विजय नगर पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यश की लंबे समय से तलाश थी, जिसे अब दिल्ली क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है।

### बेटे को पायलट बनाना चाहती थी प्रीति

2 वर्ष पूर्व जब ड्रग आंटी प्रीति जैन पुलिस की गिरफ्त में आई थी तो उसने बताया था कि वह पुणे की रहने वाली है। उसने अंग्रेजी में एमए कर रखा था। अंग्रेजी, हिंदी के साथ-साथ मराठी भाषा की उसे अच्छी जानकारी थी। उसकी शादी धार के कुक्षी में हुई थी। उसके बड़े सपने थे, लेकिन पति से विवाद के बाद उसने पति को छोड़ दिया था। फिर वह अपने बेटे के भविष्य के लिए इंदौर में आकर रहने लगी। इंदौर में वह अपने बेटे को पायलट बनाना चाहती थी। इंदौर आने के बाद उसकी पहचान ऋचा नाम की युवती से हुई थी। जहां पर ऋचा ने उसे जल्द रुपए कमाने के लिए ट्रक का कारोबार करने की सलाह दी और वह ड्रग कांटी बन गई। जिसके बाद इंदौर में उसने अपना नशे का कारोबार फैलाना शुरू करा।



### क्या है मामला ?

जानकारी के मुताबिक, 2 साल पहले इंदौर के पॉश इलाके विजय नगर के 71 नंबर स्कीम से ड्रग सप्लाई करने वाली प्रीति जैन उर्फ गोल्डन क्वीन को पुलिस ने कई युवक-युवतियों के साथ गिरफ्तार किया था। प्रीति जैन स्कीम 78 स्थित एक बंगले को किराए पर लेकर उसमें कई नौजवानों को कोकीन सप्लाई करती थी। बता दें कि बंगला एक रिटायर ऑफिसर का था। इस कारण से पुलिस ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन पुलिस को भनक लगते ही उसमें जब छापामार कार्रवाई की गई तो उसमें कई आपत्ति चीजें बरामद हुई थी।

### दिन में प्रॉपर्टी के काम और रात में ड्रग्स की सप्लाई

ड्रग लेडी ने पुलिस पूछताछ में कई खुलासे किए थे। पति दीपक को छोड़कर बेटे यश को लेकर प्रीति इंदौर आ गई थी। जिसके बाद उसने कारोबार में अपनी पकड़ बनाना शुरू कर दिया था। विजयनगर स्थित एक मॉल में रियल स्टेट कंपनी में बतौर पार्टनर के रूप में उसने रियल स्टेट का काम शुरू करा। वहीं उसने विजयनगर के 78 नाम व्हिस्की में रिटायर आईएएस का मकान किराए पर ले लिया, जो कि शहर से बाहर रहते थे। दिन में प्रॉपर्टी का काम और रात में कोकीन की सप्लाई करती थी। जहां से उसका कारोबार फल-फूल रहा था।






मध्यप्रदेश प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाजसेवी राजेंद्र कोठारी, जगदीश कौशल, राजेश बादल, प्रकाश साकल्ले, नवीन जोशी, राधेश्याम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




भोपाल। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र सम्मान दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया।

# इसी सप्ताह बदले जा सकते है 2 दर्जन आईपीएस अधिकारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोई दो दर्जन पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की तबादला सूची अब कभी भी आ सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में सीएम की मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह के साथ ही डीजीपी से चर्चा हो चुकी है और इसे लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह यह सूची अब किसी भी दिन आ सकती है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सूची में ऐसे एसपी प्रभावित होंगे जिन्हें नवंबर तक एक ही जिले में 3 साल पूरे होने वाले हैं। बता दें कि निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कोई भी वरिष्ठ अधिकारी एक ही जिले में 3 साल से अधिक समय तक नहीं रह सकता। उसी नियम के अंतर्गत यह तबादला सूची जारी होगी और इसी बहाने सरकार को अपनी चुनावी जमावट करने में भी मदद मिलेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईपीएस अधिकारियों के तबादलों को लेकर मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय के बीच सहमति बन गई है और अगर कोई और अन्य परिस्थिति नहीं हुई तो यह सूची इस सप्ताह जारी हो जाएगी। बता दें कि पिछले सप्ताह एक सूची पूर्व में जारी हो चुकी है जिसमें भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर के साथ ही नर्मदा पुरम, सागर और चंबल रेंज में आईजी के तबादले हुए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पुलिस अधीक्षकों के तबादले होने की संभावना है उनमें धार एसपी आदित्य प्रताप सिंह, शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल, हरदा एसपी मनीष कुमार अग्रवाल, ग्वालियर एसपी अमित सांघी, सिंगरौली एसपी वीरेंद्र कुमार सिंह, टीकमगढ़ एसपी प्रशांत खरे,उज्जैन एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ला, जबलपुर एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, आगर मालवा एसपी राजेश कुमार सगर, बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा, बैतूल एसपी सिमाला प्रसाद, खंडवा एसपी विवेक सिंह, देवास एसपी शिवदयाल, अशोकनगर एसपी रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, मंडला एसपी यशपाल सिंह राजपूत, छतरपुर एसपी सचिन शर्मा आदि शामिल हैं। ये सभी वे एसपी हैं जिनका 3 साल का कार्यकाल इसी नवंबर में पूरा हो रहा है।

जिन और अन्य जिलों के स्क्कबदले जाने है उनमें वे अधिकारी शामिल है जो अब ष्ठढ्ढत्र रैंक में आ चुके हैं। इन अधिकारियों में एसपी सागर तरुण नायक, एसपी रीवा नवनीत भसीन, एसपी सीधी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी कटनी सुनील कुमार जैन, एसपी विदिशा मोनिका शुक्ला, एसपी राजगढ़ अवधेश गोस्वामी और इंदौर के डीसीपी महेश चंद्र जैन शामिल है। माना जा रहा है कि इन सब अधिकारियों को इसी आदेश के तहत ष्ठढ्ढत्र पद की नई जिम्मेदारी मिलेगी।

...Mandar and NO MORE
TECHNOCRATS INSTITUTIONS
Rotary RID-3040
Mandar And No More Foundation
♦ REMEMBRANCE ♦ TRIBUTE ♦ COMMITMENT
You are invited to join us for
MANM 8th Pledge Day
to renew the commitment towards
PREVENTION OF DROWNING
CHIEF GUEST
Dr. Sunil Kumar
Hon'ble Vice Chancellor
Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya
(RGPV- State Technological University of Madhya Pradesh)
in the gracious presence of
Shri S. K. Rout
Former Director General of Police (MP)
Advisor & Patron, MANM Foundation
DR. R. R. Karsoliya
Chief Patron
Technocrats Group of Institutions
Shri Vilas Buchke
Chairman
Sadguru Nagarik Sahakari Bank Maryadit
PDG Rtn. Dhiran Datta
DT & Past Dist. Governor, RID 3040
Global Director - Rotary Against Malaria
PROGRAM PARTNERS
IMAGINE ROTARY
Rotary Club East Bhopal
Rotaract Club of TIT & Science
RID - 3040
Rotary
TECHNOCRATS INSTITUTIONS
Your participation will help people adopt Safety Behaviour
Kedar, Pratibha & Vishwas Ghushe
Co-Founders
MANM
Dr. Shashi Kr. Jain
Director
TIT & Science
Rtn. Kumud Tiwari
President
RC East Bhopal
Rtn. Shrikant Phatak
Hon. Secretary
RC East Bhopal
Date & Time : 21 March 2023, Tuesday, 2:30 pm to 4:30 pm
Venue : Technocrats Auditorium, TIT Group Campus, Anand Nagar, BHEL, Bhopal.
Contact: 0755-4012220 | 9827057845 | 9687655541 | 9893503505 | mandarandnomore@gmail.com